



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 293 | ग्वालियर, रविवार 13 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने अनवर-उल-हक काकर



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली भंग होने की वजह से राजनीतिक खींचतान जारी है. इस बीच पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में अनवर उल हक काकर को चुना गया है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और नेशनल असेंबली में विपक्ष के निवर्तमान नेता राजा रियाज ने आपसी सहमति के बाद राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को अनवर उल हक के नाम की सिफारिश भेजी है. अब पाकिस्तान में जल्द हो चुनाव हो सकते हैं. पाकिस्तान के जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि अनवर-उल-हक काकर को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है. वे बलूचिस्तान के सांसद सीनेटर हैं. पीएम शहबाज शरीफ और राजा रियाज के बीच दूसरे दौर के विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया है. इस बैठक के बाद राजा रियाज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुआ कहा कि आपसी परामर्श के बाद हमलोग इस नतीजे पर पहुंचे कि एक छोटे प्रांत से कार्यवाहक प्रधानमंत्री होगा. इस पर उन्होंने काकर के नाम पर सहमति जताई, जिसे मंजूरी मिल गई है. आपको बता दें कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक चिट्ठी लिखी थी. उन्होंने इस चिट्ठी के जरिये उन्हें और विपक्ष के नेता को 12 अगस्त तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में एक व्यक्ति का नाम सुझाने की याद दिलाई थी. साथ ही इसमें कहा गया था कि अनुच्छेद 224ए के तहत नेशनल असेंबली के भंग होने के 3 दिन के अंदर उन्हें अंतरिम पीएम के नाम का प्रस्तावित करना अनिवार्य है.

### चीनी महावाणिज्य दूत ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग बौद्ध उद्यमी संघ के संस्थापक से मुलाकात की



**बीजिंग।** मुंबई में चीनी वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत खोंग श्येनहुआ ने हाल ही में रेडिसन ब्लू होटल (नागपुर) में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग बौद्ध उद्यमी संघ (बीईएसीआई) के संस्थापक और अध्यक्ष रत्नदीप कांबले से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, कांबले ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग बौद्ध उद्यमी संघ के संस्थापक उद्देश्यों और सदस्यों का परिचय दिया। चीन-भारत व्यापार और आर्थिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए खोंग श्येनहुआ ने बीईएसीआई और कांबले की सराहना की। खोंग श्येनहुआ के अनुसार, चीन और भारत के बीच बौद्ध धर्म सहित धार्मिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक लंबा इतिहास है। द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को विकसित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और हम बीईएसीआई सदस्यों सहित भारतीय कंपनियों को चीन का दौरा करने और व्यापारिक लेन-देन पर बातचीत करने का समर्थन करते हैं। चीन और भारत के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग से दोनों देशों का कल्याण बढ़ेगा। खोंग श्येनहुआ ने यह भी कहा कि मुंबई में चीनी वाणिज्य दूतावास पहले की ही तरह चीनी और भारतीय व्यापार उद्यमों के बीच कर्मियों के आदान-प्रदान और आर्थिक व व्यापारिक सहयोग के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। उन्होंने कांबले को शांगहाई में आयोजित चीन अंतर्राष्ट्रीय आयात एक्सपो (सीआईआईई) के बारे में बताया और भारतीय व्यवसायों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत किया।

### बेंगलुरु सिविक एजेंसी में आग लगने की घटना के संबंध में दो को हिरासत में लिया गया



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के परिसर में आग लगने की घटना के संबंध में लापरवाही के आरोप में शनिवार को दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने पुष्टि की कि दोनों लोग क्वालिटी कंट्रोल विंग और प्रयोगशाला में काम करने वाले स्टाफ के सदस्य हैं। मध्य डिवीजन के डीसीपी श्रीनिवास गौड़ा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बीबीएमपी अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बेंज़िन रसायन का उपयोग करके बिटुमेन (एक काले या गहरे भूरे रंग की गैर-क्रिस्टलीय मिट्टी या चिपचिपा पदार्थ) की गुणवत्ता का परीक्षण करते समय आग लग गई। डीसीपी ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की एक टीम ने भी साइट का निरीक्षण किया है और जांच जारी है। लेकिन रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के सही कारण का पता लगाया जाएगा। घटना में इंजीनियरों सहित बीबीएमपी के नौ घायल कर्मचारी 25 से 30 प्रतिशत तक जल गए हैं और उनके बयान दर्ज कर लिए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि अधिकारी जांच कर रहे हैं कि क्या कोई लापरवाही हुई थी, क्या परीक्षण करने के लिए अनुमति ली गई थी और क्या उचित प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया था।

# राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बना दिल्ली सर्विस बिल

**नई दिल्ली।** राष्टपति की मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली सेवा विधेयक कानून बन गया. इस संबंध में भारत सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी. जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को लागू करने के बारे में कहा गया है. बता दें कि एक अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया था. गौरतलब है कि यह कानून राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश की जगह लेगा. केंद्र की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि, इस अधिनियम को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम, 2023 कहा जाएगा. इसे 19 मई, 2023 से लागू माना जाएगा. बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 (जिसे इसके बाद मूल अधिनियम के रूप में संदर्भित किया गया है) की धारा 2 में खंड (ई) में कुछ प्रावधान शामिल किए गए. इसमें कहा गया है कि उपराज्यपाल का अर्थ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए संविधान के अनुच्छेद 239 के तहत नियुक्त प्रशासक और राष्ट्रपति द्वारा उपराज्यपाल के रूप में नामित किया गया है. बता दें कि इस विधेयक में प्रस्तावित किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी के अधिकारियों के निलंबन और पूछताछ जैसी कार्रवाई केंद्र के नियंत्रण में होगी. बता दें कि मानसून सत्र के दौरान सदन में मणिपुर हिंसा पर हंगामे के बीच इस बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पेश किया गया था. इस बिल का ज्यादातर विपक्षी दलों ने विरोध किया था, लेकिन संख्या बल कम होने की वजह से केंद्र सरकार का ये बिल दोनों सदनों में पास हो गया और अब कानून बन गया.




### कोटा में 8 महीने में 20 आत्महत्याओं पर सीएम गहलोत ने चिंता जताई

जयपुर। राजस्थान के कोचिंग हब कोटा में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को इस मामले पर चिंता जताई है। जयपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि आठ महीने में 20 बच्चों ने आत्महत्या कर ली। मैं खुद बचपन में डॉक्टर बनना चाहता था, रात के 2-3 बजे तक पढ़ाई करता था, लेकिन सफल नहीं हुआ। लेकिन, मैंने हिम्मत नहीं हारी मैंने अपनी राह बदली, सामाजिक कार्यकर्ता बना, राजनीति में आया और आज आपके सामने हूं। उन्होंने सुझाव दिया कि परिवार को बच्चों पर दबाव नहीं डालना चाहिए। इसके अलावा सीएम गहलोत ने कहा कि बच्चों को वह बनने दें जो वे बनना चाहते हैं। हर किसी को यह चुनना है कि उसे क्या करना है और क्या बनना है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं सीएम बनूंगा। मैं केंद्रीय मंत्री बनूंगा लेकिन मुझे सभी पद मिले। बच्चों पर इतना दबाव है कि यह एक गंभीर स्थिति है।

### सागर में बोले पीएम मोदी- अमृतकाल में हमारी जिम्मेदारी विरासत को आगे बढ़ाना



**सागर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास स्मारक स्थल पर भूमि पूजन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया है. इसके बाद उन्होंने सागर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. अमृत काल में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी विरासत को आगे बढ़ाएं और अतीत से सीखें. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुगल काल से ही श्री रविदास समाज को जगा रहे थे. रविदास कुरीतियों के खिलाफ बोल रहे थे. विकास और बेहतर कार्य के लिए काम जारी है. 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है. उन्होंने आगे कहा कि कोविड महामारी के दौरान मैंने तय किया कि मैं गरीबों को भूखा नहीं सोने दूंगा. आपका दर्द समझने के लिए मुझे किताबें ढूंढने की जरूरत नहीं है. हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण शुरू की. अन्न योजना और 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया और आज पूरी दुनिया हमारे प्रयासों की सराहना कर रही है. आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसे लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं. एक महीने में पीएम मोदी का मध्य प्रदेश का यह दूसरा दौरा है. प्रधानमंत्री मोदी ने सागर जिले में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं काशी से सांसद हूं और मुझे कई बार वहां संत रविदास जी की जन्मस्थली पर जाने का अवसर मिला है, इसलिए मेरे लिए ये डबल खुशी का मौका है. मैं श्री रविदास के आशीर्वाद से विश्वास से कहता हूं, जिस तरह आज मैंने शिलान्यास किया और एक-डेढ़ साल में ही आकर इस मंदिर का लोकार्पण भी करूंगा.

# पंचायत चुनाव में टीएमसी ने खेला खूनी खेल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पश्चिम बंगाल के क्षेत्रीय पंजायती राज परिषद को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने टीएमसी समेत पूरे विपक्षी गठबंधन को जमकर घेरा. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया. पीएम मोदी ने कहा कि हमने पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया. इसके साथ ही मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव के वक्त विपक्ष के सदन से जाने पर तंज कसा. उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य बीच में ही संसद छोड़कर चले गए. सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर रहे थे. पीएम मोदी ने कहा कि सच्चाई ये थी कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गया था. वो लोग नहीं चाहते थे कि वोटिंग हो. क्योंकि वोटिंग होती तो घमण्डिया गठबंधन की पोल खुल जाती, कौन किसके साथ है, ये दूध का दूध, पानी का पानी हो जाता. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे बीजेपी के कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के उस पुराने वैभव को लाने के लिए काम कर रहे हैं. इसी के साथ पीएम ने बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा. पीएम मोदी ने कहा कि, अभी-अभी वहां पंचायत चुनाव हुए इस चुनाव में टीएमसी ने कैसा खूनी खेल खेला, ये भी देश ने देखा है. चुनाव में इनका तरीका क्या है, पहले तो चुनाव की तैयारी के लिए समय मत दो, जल्दी-जल्दी फॉर्म भरने की तारीख घोषित कर दो. फिर कोई भी विरोध दल का, कोई भी बीजेपी का कोई व्यक्ति पर्चा ही न भर सके, इसके लिए जो कुछ भी कर सकते हैं करो. अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना है कि पूर्वी भारत में देश के विकास का एक मजबूत स्तंभ, एक मजबूत इंजन का पूरा पूरा सामर्थ्य है. उन्होंने कहा कि वहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है और वहां हमारे तेजस्वी, ऊर्जावान एवं ओजस्वी नागरिकों का भी एक बहुत बड़ा सामर्थ्य है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इसलिए पूर्वी भारत के आप सभी प्रतिनिधियों से मिलना, बात करना अपने आप में बहुत अहम हो जाता है. पीएम मोदी ने कहा कि सत्र शुरू होने से पहले देश के गृहमंत्री ने इन राजनीतिक दलों को चिट्ठी लिखकर कहा था कि वो तत्काल मणिपुर की चर्चा करना चाहते हैं और अकेले मणिपुर पर विस्तृत चर्चा हो ये जरूरी है. उन्होंने कहा कि इतने संवेदनशील विषय पर पक्ष-विपक्ष में बात होती तो मणिपुर के लोगों को भी मरहम लगता. मोदी ने कहा कि ये लोग मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहते थे, क्योंकि उनको मालूम था कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उनको चुभने वाला है. उनको मणिपुर के नागरिकों के दुःख-दर्द और पीड़ा की परवाह नहीं थी.




# कार की छत पर बैठकर बनाई रील, पुलिस ने हजारों रुपये का थमाया चालान

**नोएडा।** कार से स्टंट करते हुए रील बनाने का जुनून युवाओं के सिर से उतर नहीं रहा है। जिसके चलते वह अपनी जान के साथ-साथ दूसरे की जान भी जोखिम में डालते नजर आते हैं। पुलिस भी जब ऐसे वीडियो देखती है तो उससे गाड़ी के नंबर को ट्रेस कर उसका चालान किया जाता है और सीज करने की कार्रवाई की जाती है। ऐसा ही एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें कार की छत पर खड़े होकर दो लड़कों ने रील बनाई और उनका 23,500 रुपये का चालान हो गया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार चालक का 23 हजार 500 रुपए का चालान किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसा स्टंट न करें और वीडियो भी नहीं बनाएं। ये खतरनाक हो सकता है। कुछ ही सेकेंड में ड्राइविंग सीट पर बैठा दूसरा युवक भी बाहर आता है। कार की छत पर बैठ जाता है। इसके बाद भी कार चलती रहती है। इनमें से एक युवक कार की छत पर खड़ा होकर स्टंट करता है। गनीमत ये है कि जिस सड़क पर ये स्टंट किया जा रहा है, वो खाली है। अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।



### पेड़ पर लटका मिला शव, खुदकुशी से पहले शराब पी फिर वीडियो कॉल पर मृतक ने पिता से की थी बात



**नोएडा।** नोएडा में शनिवार सुबह सेक्टर 37 के ग्रीन बेल्ट में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच में पता चला कि युवक ने शराब पीकर पहले पिता से वीडियो कॉल पर बात की थी और पारिवारिक कलह और झगड़े के चलते आत्महत्या कर ली। मृतक की शिनाख्त ओम प्रकाश प्रजापति के रूप में की गई। उसका शव सेक्टर-37 के अरूण विहार गेट नंबर-1 की ग्रीन बेल्ट के पेड़ से लटका मिला। वह छतरपुर का रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि ओम प्रकाश शराब पीने का आदी था। वो बहुत ज्यादा शराब पीता था। इसी वजह से आए दिन घर में झगड़ा होता था। शुक्रवार को भी उसने पहले शराब पी। इसके बाद वीडियो कॉल पर पिता और घर के अन्य लोगों से बातचीत की। पिता नंद राम उसे घर बुलाते रहे। लेकिन, वो नहीं माना।

# हिमाचल प्रदेश में कांगू के पास सड़क धंसी, खाई में गिरी बस, कई घायल, 4 की हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में शनिवार सुबह हुए एक बस हादसे में कई लोग घायल हो गए. जिनमें चार लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा मंडी जिले में हुआ. जहां हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की एक बस हादसे का शिकार हो गई. ये बस मंडी जिले के सुंदरनगर से शिमला जा रही थी. बस में कई यात्री सवार थे. इसी दौरान कांगू के पास सड़क धंस गई. सड़क के धंसे ही बस उसमें गिर गई. गनीमत रही कि बस मलबे के पहाड़ पर रुक गई. जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. हालांकि कई यात्री घायल हो गए. जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है. बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पिछले महीने हुई भारी बारिश के बाद सैकड़ों सड़कें टूट गई और दर्जनों पुल बह गए. राज्य की नदियों में आई बाढ़ से सैकड़ों घर और पेड़ बह गए. इस प्राकृतिक घटना में तमाम लोगों की जान चली गई. बताया जा रहा है कि हिमाचल के मंडी जिले में अभी भी बारिश का दौर जारी है. यहां पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है. जिसके चलते जिले में जगह-जगह जमीन धंसने और भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिली हैं. जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं. जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कांगू में जो बस हादसे का शिकार हुई वहां लगभग सड़क का 45 मीटर हिंसा धंस गया. जिस वजह से यह मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है. बताया जा रहा है कि सड़क धंसने की वजह से हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की यह बस करीब 30 फीट नीचे जा गिरी. बताया जा रहा है कि इस बस में सवार 14 लोगों में से चार को गंभीर चोटें आई है. स्थानीय लोग और प्रशासन ने बस में फंसे यात्रियों को निकालने का काम शुरू किया है. हादसे में घायल हुए लोगों को सुंदरनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां चार की हालत गंभीर बनी हुई है.



# एबीवीपी शिवपुरी ने निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** एबीवीपी शिवपुरी द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य मानवता साहूजी भी उपस्थित रही कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर मंत्री रमन राठौर ने बताया की यह तिरंगा यात्रा कमलागंज, माधव चौक,गुरुद्वारा चौक,राजेश्वरी रोड होते हुए तात्या टोपे स्मारक पर समाप्त हुई।कार्यक्रम में अंतरराष्टीय प्रतियोगता में अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी को 6 सेकंड में परास्त करने वाले बलवीर रावत जी, प्रियम नेगी एवं निखिल बेड़ि़या जी का सम्मान किया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में पूरे मध्यभारत प्रांत में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवपरी इकाई द्वारा आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के समापन मैं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्टीय कार्यकारणी सदस्य मानवता सावजी ने कहा कि- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आप जैसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है हम सभी सौभाग्यशाली है कि हमें विद्यार्थी परिषद में कार्य करने का अवसर मिला। स्वतंत्रता के पश्चात युवाओं को सही मार्ग दिखाने वाला




कुछ युवाओं द्वारा जीस विद्यार्थी परिषद का गठन किया आज 75 वर्षों बाद वह वटवृक्ष बन विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद एक मात्र ऐसा संगठन है जो छात्र हितों के साथ-साथ देशहित व समाजहित मैं भी कार्य करती है। देश में जब भी कोई विपत्ति आती है तब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रथम पंक्ति में कार्य करने का काम करते हैं जब कोरोना काल में सभी घरों में क़ैद होकर रह गए थे तब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सड़क पर निकलकर समाजहित में हरसंभव कार्य कर रहे थे । भोजन वितरण, रक्तदान, ऑक्सीजन की व्यवस्था, राशन वितरण जैसे अनेकों कार्य विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए। जब हम बात करते हैं महिला सुरक्षा कि तब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ऋतुमती अभियान के माध्यम से महिला स्वच्छता के लिए काम करते हैं, तो वही मिशन साहसी अभियान के माध्यम से छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुण सिखाने का काम करते हैं । यात्रा का स्वागत पूर्व कार्यकर्ताओं एवं शिवपुरी नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस प्रांत छात्रा प्रमुख अनुप्रिया तंवर जी, विभाग संयोजक आदित्य पाठक जी, जिला प्रमुख दीप ओझा जी, शिवपुरी जिला संयोजक वैदिक खेमरिया जी, नगर अध्यक्ष आनंद मिश्रा जी, नगर उपाध्यक्ष अंकित ओझा जी एवं नगर मंत्री रमन राठौर जी, अनिरुद्ध गोस्वामी, देव शर्मा, सृष्टि शर्मा, प्रज्ञा मिश्रा, परिधि गुप्ता, टीना झा, प्रवेश यादव, देवेंद्र कुशवाह, खुशी रजक मयंक रजक, विकास राठौर, अतुल धाकड़ अन्य और कार्यकर्ता उपस्थित।

# कोलारस को हराकर बदरवास ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

**बदरवास।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हर विधानसभा में आयोजित होने वाले विधायक कप में कबड्डी खेल का आयोजन अंतर्वासना करके हायर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ में आयोजित किया गया जिसमें बालक वर्ग में बदरवास के फौजी प्रेमी संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान मॉडल स्कूल बदरवास में प्राप्त किया तीसरे स्थान पर फौजी प्रेमी संस्थान क्र के विद्यार्थी रहे इसी प्रकार बालिका वर्ग में मॉडल स्कूल बदरवास की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कोलारस की छात्राएं दूसरे स्थान पर रही तथा बूडाडोगर कन्या छात्रावास की छात्राएं तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 11 टीमों ने विधायक कप में भाग लिया। बदरवास में आयोजित होने वाले विधायक कप में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि शिशुपाल सिंह यादव विशेष अतिथि सुमित यादव विधायक प्रतिनिधि हेमंत ग्वाल पार्षद जयदीप शर्मा कपिल परिहार खेल शिक्षक कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी केके खरे और विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्मी से रिटायर्ड हुये साइकिल मैन श्री पुरुषोत्तम शर्मा आईसर यूनिट के संचालक रहे और बूडाडोगर कन्या छात्रावास की अधीक्षिका सुल्ताना खान प्रमुख रूप से उपस्थित रही कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि जीवन में खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए क्योंकि खेलों से ही मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है जीवन में सफलता हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को और सभी युवाओं को खेल से जुड़े रहना चाहिए। कार्यक्रम में संबोधन के बाद सभी विद्यार्थियों को जिन्होंने प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है उन्हें शील्ड और टीशर्ट के साथ में मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम का



संचालन विजय राजे सिंधिया खेल स्टेडियम में कार्यरत खेल शिक्षक कमल सिंह बाथम (शेरा) द्वारा किया गया कार्यक्रम के संचालन में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका ब्लॉक कोऑर्डिनेटर खेल विभाग वर्षा कबीर पंथी, रामपाल सिंह और सुजीतसिंह जी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के साथ सैकड़ों विधार्थियों ने सहभाग किया।

# मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मिलेगी अनुसूचित जाति जनजाति छात्राओंछात्रावासों में को निशुल्क कोचिंग

**करैरा से पुष्पांजलि टुडे**
**विजय परिहार की रिपोर्ट**

अब सरकारी छात्रावासों में छात्र छात्राओं को निशुल्क कोचिंग प्रारंभ की



जा रही है जिसमें सरकारी एवं अशासकीय शिक्षकों को 15 अगस्त तक छात्रावासों में प्रस्ताव देने की अनुमति आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति के छात्राओं को उत्कृष्ट स्तर के सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साल 2023 /24 अनु सूचित जाति जनजाति ब्लॉक स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावास में शिक्षको आवेदन अमित्र किए जा रहे हैं जिससे छात्रावासों में बेहतर शिक्षा मिल सके स्कूलों के अलावा छात्र-छात्राओं का रुझान कोचिंग की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है ऐसे स्कूलों में पढ़ाई पर्याप्त नहीं हो पा रही है इसलिए सरकार द्वारा छात्रावास में कोचिंग चालू करने के लिए सरकार का विशेष जोर दिया जा रहा है कोचिंग संचालित होने पर छात्रों की शिक्षा में सुधार की संभावना ज्यादा रहेगी इसलिए गरीब छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास करेरा के अधीक्षका कुमारी अंजू वर्मा ने बताया की 15 अगस्त तक शिक्षक अधीक्षकों को कार्यालय में आवेदन जमा करा सकते हैं।

# मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय करैरा में हुआ सैनिकों का सम्मान

**पुष्पांजलि टुडे**
**जिला ब्यूरो राजेश नरवरिया**

**करैरा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय करैरा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत डॉ देवेंद्र कोली एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सैनिक वीरो का वंदन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया इसके पश्चात आई .टी .वी .पी .आर टी सी करैरा से पधारे अनिल डबराल द्वतीय कमान मुख्य अतिथि,मनीष गौतम उप सेनानी ,विशिष्ट अतिथि,एवं हबलदार संजीव कुमार एवं रविन्द्र देहरिया जी, का माला, शॉल और श्रीफल ,से सम्मानित किया मुख्य अतिथि अनिल डबराल एवं विशिष्ट अतिथि मनीष गौतम द्वारा अपने सैनिक जीवन के अनुभव को छात्र/छात्राओं से साझा किया एवं विशिष्ट




अतिथि हबलदार संजीव कुमार एवं रविन्द्र देहरिया द्वारा गलवान घाटी में युद्ध की परिस्थितियों के बारे में बताया । कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री विवेक त्रिपाठी बिशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महविद्यालय प्राचार्य द्वारा की गई अंत में डॉ देवेंद्र कुमार कोली कार्यक्रम अधिकारी (एन. एस .एस) द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक जितेंद्र गुप्ता, डॉ देवेंद्र कदम, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, सुशील गौतम सहित स्वयं सेवक , शालनी रजक वंदना प्रजापति रुचि कुशवाह सृष्टि नंदनी वसंती नीलम सुमन ठाकुर , कीर्ति कुशवाह, छाया,सोनम कुशवाह ,जय कुशवाह, संजेश, धर्मेंद्र, सहित 22 छात्र/छात्राओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन ग्रुप लीडर चंद्रांशी सोनी, सिखा परमार के द्वारा किया गया।

# वेरिफाई साइन के बदले शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1. के प्राचार्य द्वारा मांगी गई 5 हजार की रिश्वत



**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी –** जिले में भ्रष्टाचार का आलम इस प्रकार से बढ़ता जा रहा है कि आजकल चाहे अधिकारी हो या स्कूल का प्रिंसिपल किसी ना किसी तरह से रिश्वत मांगने का कार्य कर रहे हैं आज एक मामला सामने आया जिसमें मनीष सिंह रावत पुत्र जनक सिंह रावत निवास जौरा जिला मुरैना का रेलवे में चयन होने पर रेलवे विभाग द्वारा कक्षा 11वीं में भर्ती क्रमांक सहित अन्य जानकारी मांगी गई जिसके लिए मनीष जानकारी पूरी करने के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 शिवपुरी आया क्योकि मनीष ने कक्षा 11 से लेकर 12वीं तक अध्ययन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 शिवपुरी से किया हैं जब वह दिनांक 11 अगस्त को विद्यालय गया तो प्राचार्य द्वारा कहा गया कल आना जिसके बाद वह 12 अगस्त को पुन~ प्राचार्य महोदय विवेक श्रीवास्तव से मिला तब उन्होंने कहा मैं इस पर दस्तखत नहीं करूंगा आपकी नौकरी लग गई है आप 5000 दो तब करूंगा जिसकी पूर्ण जानकारी के लिए जब प्राचार्य को फोन लगाया तो प्राचार्य द्वारा एक बार फोन उठाया गया फिर उसके बाद प्राचार्य फोन बंद कर लिया जिसके बाद प्राचार्य ने अभी तक कोई फोन नहीं उठाया जिसकी जानकारी डीईओ को देने के लिए मीडिया के साथी शिक्षा विभाग के अधिकारी से मिलने गए जो कि अपने केविन में नहीं मिले और फोन लगाने पर फोन भी नहीं उठाया अब ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कौन कार्यवाही करेगा जो बच्चों के जीवन से खेलते हैं।

# धार्मिक त्योहारों पर मूर्तियों के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री तथा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सम्मानीय मूर्ति निर्माताओं, उपयोगकर्ताओं, स्वयं सेवी संगटनों, स्थानीय निकाय एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अपील करता है कि- धार्मिक त्योहारों जैसे गणेश चतुर्थी, दुर्गा-पूजन के दौरान वृहद स्तर पर मूर्तियों का निर्माण एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों में उनका विसर्जन किया जाता है। इस संबंध में अपील है कि मूर्तियों के निर्माण में प्राकृतिक सामग्री जैसे कि बांस, घास, गोवर, कागज, मिट्टी तथा प्राकृतिक रंग जैसे कि हल्दी, चंदन इत्यादि का उपयोग करें। पण्डाल की साज-सज्जा हेतु प्राकृतिक सामग्री फूल पत्ती, घास, वांस तथा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी) तथा खतरनाक रंगों से निर्मित मूर्तियों को जल स्त्रोतों में विसर्जन के दौरान उनसे जहरीले रसायन व भारी तत्व जैसे कि लेड, एल्युमिनियम, कॉपर, आदि निकलते है जो पानी को विषाक्त बनाते है, जिससे जलीय-जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मनुष्यों के द्वारा इस प्रकार के पानी से निकाल कर उपयोग की गई मछलियों के खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारियाँ पैदा होती है। मुर्तियों का विसर्जन प्राकृतिक जल स्त्रोतों के स्थान पर स्थानीय निकाय द्वारा पृथक से बनाये गये कुंड आदि में करे ताकि प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सके। विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# न्यायालय पिछोर ने शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने वाले मोटरसाइकिल चालक पर 10,000 रुपये का जुर्माना किया

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर।** दिनांक 8/8/23को पुलिस थाना पिछोर की चेकिंग पार्टी इंचार्ज एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने थाना पिछोर के सामने रोड पर मोटरसाइकिल हीरो पैशन प्रो स्क्व33स्क्र434 के चालक जितेंद्र करन पुत्र राम कुमार करन उम्र 44 वर्ष निवासी जोशियाना मोहल्ला पिछोर को मोटरसाइकिल को शराब पीकर चलाते पाया जाने पर चालान बनाया। जितेंद्र करन के पास मोटरसाइकिल का बीमा व मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था । मोटरसाइकिल चालक जितेंद्र करन के विरुद्ध धारा185,3/181,146/196 एम व्ही एक्ट के चालान की कार्यवाही की। जितेंद्र करन पर मोटरसाइकिल चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने पर 3/181 एम व्ही एक्ट में थाना पिछोर में ष्स्न ?1000 जमा कराई। मोटर साइकिल मालिक भूदेवी कड़ेरे निवासी पिछोर पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक को मोटरसाइकिल चलाने को देने व बीमा ना होने पर धारा 5/180, 146 /196 एमव्ही एक्ट में सीएफ



?2000 थाना पिछोर में जमा कराई । माननीय न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी श्रीमान जेएमएफसी महोदय श्री अमनदीप सिंह छावड़ा ने जितेंद्र करन पर शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने पर धारा 185 एमव्ही एक्ट में 10,000 रुपये का जुर्माना किया । थाना पिछोर में वर्ष 2023 में 12 प्रकरण में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक व वाहन मालिक पर कुल 212500 का जुर्माना वसूल किया है। पुलिस थाना पिछोर टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक , राजेंद्र सिंह यादव, आरक्षक राघवेंद्र पाल, प्रदीप कौरव, मांगीलाल गुर्जर व बचान सिंह तोमर शामिल रहे।

# शिवपुरी पुलिस की वाहन चोरों पर बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा चोरी की चार मोटर सायकल कीमती करीबन3,00,000 रुपये की बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राकेश परिहार पिछोर, खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुबंश सिह द्वारा चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने एवं चोरी गये वाहनो को शीघ्र बरामद करने हेतु आदेशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा कार्यवाही करते हुये कल दिनांक 11.08.2023 को पनिहारा तिराहे पर वाहन चैकिंग के दौरान कदवाया तरफ से एक काले रंग की मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे जिन्हें पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश की तो मोटर साइकिल चला रहे व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया जिन्हे पुलिस वल की मदद से पकड़ा गया । नाम पता पूछा तो मोटर साइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम छोटू उर्फ राजकुमार केवट पुत्र स्व. नवल केवट उम्र 20 साल निवासी हरदौल मौहल्ला खनियाधाना का होना बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विकाश पाल पुत्र बिजयराम पाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम ऊमरी थाना भौती का होना बताया । उक्त दोनों व्यक्तियों से मोटर साइकिल के सम्बंध मे कागजात चाहे गये तो कोई कागजात होना नहीं पाया गया एवं कागजात के सम्बंध मे आना कानी करने लगे मोटर साइकिल को चैक किया गया तो आगे पीछे कोई नम्बर दर्ज नही था जिसका चैसिस क्रमाक स्क्वञ्ज040स्न९स्न52882 कीमती 35,000 रुपये बाद छोटू उर्फ



राजकुमार केवट एवं विकाश पाल से उक्त मोटर साइकिल को गोलू यादव निवासी खनियाधाना द्वारा चोरी करके बेचने के लिये दी गई थी उक्त आरोपीगणों से चोरी गयी अन्य मोटर साइकिलों के सम्बंध मे पूछताछ की गई तो आरोपी विकाश पाल व छोटू उर्फ राजकुमार केवट द्वारा अन्य मोटर सायकलें चोरी करना स्वीकर किय । दोनों आरोपियों को लोकर पुलिस ग्राम ऊमरी थाना भौंती पहुँचे आरोपी विकाश पाल के अपने घर पर रखी चोरी की तीन मोटर साईकिलें खड़ी मिली एक हीरो एच एफ डीलक्स मोटर साईकिल लाल काले रंग की बिना बगैर नम्बर प्लेट की जिसका चैसिंस नम्बर स्क्व1-1श्वश्व9ष्ट39762 है जो कीमती करीबन 65000 रूपये है व दूसरी मोटर साईकिल पेंशन प्रो बगैर नम्बर प्लेट की चैसिंस नम्बर स्क्व-॥10क्व्श्व॥य32380 है जो कीमती करीबन 80000 रूपये है । तीसरी मोटर साईकिल टी व्ही एस कंपनी की आपचे बगैर नम्बर प्लेट की चैसिंस नम्बर स्ब्8634श्व83रु्य18490 है कीमती करीबन 120000 रूपये कुल कीमती 3,00,000 रुपये है । उक्त आरोपीगणों के विरूध्द अपराध क्रमांक 383/2023 धारा 379,411,414 ताहि. का कायम कर आऱोपीगणों को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया जहां से जेल वारंट बनने पर उक्त आरोपीगणों को जेल भेजा गया ।

**इनकी रही भूमिका**–उक्त कार्यवाही मे उनि अरविन्द्र सिह चौहान , सउनि प्रकाश सिंह कौरव मय आरक्षक 907 अरूण मेवा फरोस मय आरक्षक 671 रवि कुमार, आरक्षक 930 मंजीत मलिक ।

# छत्रसाल महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली का आयोजन

**राकेश परिहार पिछोर**



**पिछोर।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसएस गौतम के निर्देशन में हुआ उन्होंने छात्र-छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि हमें आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर घर में तिरंगा फहराना है । हर घर तिरंगा की रैली महाविद्यालय से बस स्टैंड तक निकाली गई। राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े एवं संयोजक डॉक्टर करण सिंह जाटव के नेतृत्व में रैली आयोजित हुई। रैली में भारत माता के नारे लगाते हुए स्वयंसेवकों ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगे को लगाने हेतु लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## आज सूर्या रोशनी के पाइप डिवीजन में वृक्षारोपण किया गया



पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित सूर्य रोशनी लिमिटेड के पाइप डिविजन परिसर अंदर 250 फलदार पोधौ का वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाइप डीविजन के प्लांट हेड मान सिंह शेखावत ने की और वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया की वृक्ष लगाने से हमें



शुद्ध हवा एवं ऑक्सीजन प्राप्त होती है प्रदूषण को सोकते हैं हमें स्वच्छता एवं ऑक्सीजन प्रदान करते हैं मैं सभी क्षेत्र वासियों एवं से यह आग्रह करूंगा कि कम से कम एक पौधा अपने जीवन में लगाकर और उसकी देखभाल करें अति आनंद प्राप्त होगा इसी क्रम में टेक्निकल हेड ललित कुमार एवं एच आर हेड मुकुल राय ने कर्मचारीयो और मालनपुर क्षेत्र के आस पास के 11 गांव के प्रमुख कार्यकर्ताओं को बताया और उन्हें गांव में ले जाने के लिए पोधे भी उपहार में दिए जिससे गांव के लोगो को प्रेरणा मिल सके। ज्ञात रहे की सूर्या रोशनी के द्वारा आदर्श गांव योजना के तहत गांव गांव में जाकर प्रत्येक परिवार को 5 पौधे दिए जा रहे हैं। इस वृक्षारोपण में उपस्थित रहे क्वालिटी हेड अमरदीप सिंह तोमर, पुरुषोत्तम लाल पिरु एवं समस्त सिक्योरिटी टीम मौजूद रही

# जैतवारा भारतीय जनता पार्टी मंडल के द्वारा की कामकाजी बैठक संपन्न हुई

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष माननीय श्री सतीश शर्मा जी के निर्देश पर भाजपा मंडल जैतवारा कामकाजी बैठक आयोजित की गई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल जैतवारा के प्रभारी माननीय श्री भगवती प्रसाद पांडे जी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे एवं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष गौतम ने किया ।मुख्य रूप से बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा के नाम जोड़ने काटने पर चर्चा की गई एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के विषय में चर्चा की गई । बैठक का संचालन शंकर शरण गौतम जी ने किया आभार प्रदर्शन संतोष डोहर ने किया एवं राष्ट्गीत गाकर बैठक का



समापन किया गया जिला संघ चालक जी के भाई जिनका निधन हो गया है उनको श्रद्धांजलि समर्पित की गई इसके उपरांत बैठक का समापन किया । इस बैठक में मुख्य रूप से श्री शंकर शरण गौतम जी अशोक बंसल जी लक्ष्मी सोंधिया द्वारिका प्रसाद द्विवेदी गोकर्ण द्विवेदी संतोष डोहल अनिल त्रिपाठी भूपेंद्र सिंह सतुंजय प्रताप सिंह अमित जायसवाल विवेक अग्रवाल अरविंद गर्ग लाल भाई कुशवाहा आरके विश्वकर्मा राहुल सिंह अभय राज डोहर राजकुमार तिवारी सुलोचना दहिया श्रीमती रेणु डोहर अध्यक्ष नगर परिषद जैतवारा शिव सेवक परौहा नदी लाल गौतम दशरथ प्रसाद शुक्ला विनोद कुमार विश्वकर्मा अजय डोहर राहुल सिंह कमल सोंधिया सुबोध सोनी मनसुखलाल से उमाशंकर गर्ग रामचंद्र गुप्ता नत्थू लाल केसरवानी राज गुप्ता प्रांजल गर्ग वीरेंद्र कुमार कुशवाहा आज कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## तीन साल से फरार चल रहे 5 हजार रूपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगाँव दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे फरारी ईनामी बदमाशों की धरपकड के पालन में 5000 रूपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । दिनांक 11/08/23 को थाना अमायन के अप.क्र. 107/20 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे 5000 रूपये के ईनामी आरोपी रामवीर गुर्जर पुत्र पुलन्दर गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम कनाथर थाना अमायन को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमायन उपनिरीक्षक रवि तोमर एवं उनकी टीम कासउनि अब्दुल रहमान खाँ,का. प्रधान आरक्षक योगेश कुमार,जगन सिंह भदौरिया,आरक्षक जीतू यादव की सराहनीय भूमिका रही है ।

# तांम्बरम में हुआ बहु चर्चित राजस्थानी फिल्म श्री आईजी का प्रसारण

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ

**चेन्नई/** राजस्थानी भाषा में बनी बहु चर्चित फिल्म श्री आईजी धमाकेदार प्रदर्शन के साथ मैसुर कर्नाटक और तमिलनाडु में धुम मचा रही है। यह फिल्म धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है । श्री आईजी फिल्म के निर्माता भंवरलाल चोयल ने बताया कि यह फिल्म समाज एवं संस्कारों पर आधारित है। डायरेक्टर हेमन्त सीरवी ने बताया कि हमनें माताजी



की जीवनी के साथ शहरों की चकाचौंध रोशनी में राह भटक रही लड़कीयों के लिए इस फिल्म के माध्यम से एक संदेश दिया, कि प्यार का पहला शब्द ही आधा हे तो राह भटकने पर क्या असर पड़ता है, घर परिवार को छोड़कर माता-पिता की प्रवाह नहीं करने पर सबसे बड़ा धोखा स्वयं में होता है शुक्रवार को तांम्बरम मुड़चिुर वडेर भवन में इसका 60 वाड़ शो हाउसफुल रहा, इस मौके पर संस्था द्वारा फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल सह निर्माता गौतम चोयल, डायरेक्टर हेमन्त सीरवी राजस्थान के जाने-माने लेखक लेखक लखन चौधरी एवं मालाराम चोयल का का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष गोपीचंद, धर्मीचंद, तुलछाराम, मांगीलाल, हेमाराम, मनोहरलाल, हीरालाल, मोहनलाल, ओमप्रकाश, राजुराम, बुधाराम दानाराम, प्रेमसिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गौशाला संचालन के संबंध में शिवपुरी के सरपंच सचिवों के साथ बैठक

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**शिवपुरी।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने गौशाला संचालन के संबंध में सरपंच एवं सचिवों के साथ बैठक की। जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी और शिवपुरी जनपद के जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि गोवंश को संरक्षण मिलना जरूरी है। आवारा गोवंश के सड़कों पर घूमने के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। यदि गोवंश को गौशालाओं में रखा जाएगा तो उनका बेहतर ध्यान रखा जा सकेगा। अभी कई गौशाला निर्मित की गई हैं जिनकी अच्छी बिल्डिंग हमारे पास उपलब्ध है लेकिन गौशाला में गोवंश नहीं हैं। विशेषकर ग्रामपंचायत पिपरसमा और हातोद के सरपंच को जल्द ही गौशाला शुरू करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी को भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं कि जिन गौशालाओं की अच्छी बिल्डिंग उपलब्ध है परंतु गौशाला संचालित नहीं की जा रही हैं उन्हें नोटिस जारी करें।

## आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों का कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मनु मिश्रा ने किया सम्मान

पुष्पांजली टुडे




**दमोह।** विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों कि कड़ी में आदिवासी बाहुल्य ग्राम पठरी में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पं मनु मिश्रा के आतिथ्य में भव्य आयोजन किया गया। प्रकृति की गोद में स्थित ग्राम पठारी में आदिवासी समुदाय के वरिष्ठजनों का शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए पं. मनु मिश्रा ने कहा कि जल जंगल, जमीन की सुरक्षा से जुड़े आदिवासी समाज का योगदान प्रकृति के संरक्षण से होकर देश की आजादी में रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी द्वारा सरकार में आते ही कई घोषणाएं आदिवासी वर्ग के हित के लिए की आदिवासी दिवस पर अवकाश की घोषणा, वन अधिकार कानून, कांग्रेस सरकार की देन है। आदिवासी समाज के सभी वरिष्ठजनों का सम्मान किया साथ आदिवासी सन्मान यात्रा निकालने की घोषणा की पठारी एवं मैली ग्राम की पेयजल समस्या का शीघ्र ही समाधान करने के लिए जल निगम के अधिकारियों से चर्चा कर कार्य करायेंगे। इस अवसर पर मिश्रा ने रानी दुर्गावती, बिरसा मुण्डा, टंट्या भील का भी स्मरण किया । ग्रामीण क्षेत्र के कुटीरों की राशि 1.20 लाख से ब?कर 2.50 लाख रूपए करने की मांग की।पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बसंत कुशवाहा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने समाज में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और संकल्पित होकर प्रयास करने कि बात की। इस दौरा किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष बंसत कुशवाहा,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष योगेश बाजपेयी, मंण्डलम अध्यक्ष द्वारा सींग सलैया, दलपत सींग केवलारी रामचंरण गुप्ता मण्डलम अध्यक्ष रामू विश्वकर्मा, के.के. अग्रवाल, श्याम पाण्डे, छुट्टन यादव सहित कांग्रेस जनों कि उपस्थिति रही ।

## वन भूमि में अवैध तरीके से जुताई करने वाले पर वनमंडल ने की कार्यवाही

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** 10 अगस्त 23 को बीट खैरा में वन भूमी के कक्ष क्रमांक पीएफ 72 में मोती सिंह निवासी ग्राम खैरा के द्वारा लगभग 5 हे., वन भूमि में ट्रेक्टर द्वारा खेती एवं अतिक्रमण करने के उद्देश से जुतायी की गई ,वन विभाग को सूचना मिलने पर वनमंडल अधिकारी मोहम्मद माज़ के मार्गदर्शन में एवं परिक्षेत्र अधिकारी भिंड वसंत शर्मा के नेतृत्व में वन अमला एवं पुलिस स्टाफ थाना ऊमरी द्वारा मौका स्थल पर पहुँच कर उक्त ट्रेक्टर को पीछा करके जप्त किया गया एवं प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक रौन हरीश सिंह भदौरिया ,उड़नदस्ता प्रभारी मनोज भदौरिया, वनपाल भूप सिंह तोमर,उमेश बघेल आदि का कार्य सराहनिये रहा।

## सपा ने तिरंगा यात्रा निकल कर, कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** समाजवादी पार्टी ज़िला इकाई भिण्ड द्वारा विधानसभा क्रमांक 09 अटेर में समाजवादी तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधानसभा अटेर से जुड़ी स्थानीय जनसमस्याओं को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । समाजवादी तिरंगा यात्रा विधानसभा अटेर के ग्राम परा से शुरू हुई जो की अटेर विधानसभा के तमाम गांवों से निकलते हुए अटेर तहसील पहुंच कर समापन हुआ।समाजवादी तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में अटेर विधानसभा के लोगों की भागीदारी रही और यात्रा को हर गांव-गांव जनसमर्थन मिला। आज की समाजवादी तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी नीरज यादव रहे,विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव बी.के. बोहरे, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार डंडोतिया,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर ने की साथ ही कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष और अटेर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने किया, इसके साथ सहयोगी के रूप में युवा समाजवादी नेता दीपक यादव,वरिष्ठ नेता नाथूराम बघेल,मीडिया प्रभारी सतेंद्र यादव,सूरज सिंह बघेल, विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल यादव ( सुदामा) समेत सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज की यात्रा शुरू होने से पहले नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी छात्र सभा (म. प्र.) कुनाल राज यादव का अटेर विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के छात्रों द्वारा फूल माला पहनाके स्वागत किया गया ।

## गोसेवार्थ के लिए महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन आयोजन



पुष्पाजंली टुडे

होसूर। गौ सेवा महिला मंडल होसूर के तत्वाधान में महिलाओं ने गोसेवार्थ के लिए श्रावण मास मे महिला मंडल द्वारा ÷हर घर भजन,हर घर कीर्तन÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में एकत्रित हुई राशि को गौशाला मे गायों चारे पानी के लिए भेंट की जाएगी। इस भजन कीर्तन कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया । इस कार्यक्रम में भजन मंडली मे विशेष योगदान भंवरी बाई चांवडिया,विध्या बाई सोलंकी, मंजु बाई बर्फा, मैना बाई बर्फा एवं समस्त गौ भक्त माता बहिनो का सहयोग रहा । ये जानकारी लक्ष्मणराम परिहारिया द्वारा दी गई

## सच्चे मन से भक्ति करने पर प्रसन्न हो जाते है भोलेनाथः संत रामप्रकाश



पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। श्री देवासी राईका समाज ट्रस्ट कर्नाटका रजि. बेंगलुरु मागडी रोड पर स्थित देवासी समाज भवन में साप्ताहिक महा शिव पुराण कथा तारीख 13-8-2023 से श्री राम प्रकाश महाराज की मुखारविंद से भव्य कार्य कार्यक्रम कथा का पांचवा दिन की कथा भगवान शिव के विवाह का ज्ञान प्रदर्शन महाराज रामप्रकाश द्वारा सभी धर्म प्रेमियों को अवगत करवाया। इस कार्यक्रम में उपस्थित समाज के गणमान्य पूर्व अध्यक्ष गुमान राम नोगू, पूर्व अध्यक्ष एच.भानाराम देवासी, उपाध्यक्ष छोगाराम संगावत, कोषाध्यक्ष नेमीचंद नंगू सह -कोषाध्यक्ष अध्यक्ष डूंगर राम ओड़ू , सहसचिव मानकचंद लुका और सीरवी समाज से पधारे हुए मेहमान सीरवी समाज बलेपेट वडेर के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष मोतीराम लचेटा उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया ,कमल किशोर काग का देवासी समाज की ओर से साफा द्वारा स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम में कथा वाचक संत। रामप्रकाश महाराज ने प्रवचन में कहा कि भगवान शिव की सच्चे मन से भक्ति करने से बड़े से बड़े संकट को भी पलभर में दुर कर देते है ।अपने भक्तों की विपत्ति को दूर कर देते है। कथा में उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग का महत्व हुए भगवान शंकर की भक्ति की महत्ता बताई।

## थाना जैतवारा पुलिस के द्वारा जैतवारा कस्बा सार्वजनिक स्थानों पर अभिमन्यु अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना



शासन द्वारा चलाये जा रहे अभिमन्यु अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक महोदय आशुतोष गुप्ता जी के निर्देशन एवं डीएसपी मुख्यालय ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन मे जैतवारा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के प्रति पुरूषों को जागरूक करने, महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने, नशा, दहेज प्रथा, अशिक्षा, लैंगिक असमानता, भ्रूण हत्या, रूढिवादिता के संबंध मे लोगों को जागरूक के उद्देश्य से हनुमान चौराहा रेलवे स्टेशन परिसर संत टोला बिरसिंहपुर रोड मे लोगों को अभिमन्यु अभियान के तहत जानकारी दी गई। एवं चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098, महिला हेल्पलाईन नंबर 1090, सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930 की भी जानकारी दी गई । अभिमन्यु अभियान में थाना प्रभारी जैतवारा उप निरीक्षक विजय सिंह प्रधान आरक्षक दयाराम सैनिक राज नारायण सिंह एवं काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

### विकास का एक साल रहा बेमिसाल

# महानगर की तर्ज पर सन 2050 के हिसाब से हो रहे काम-नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर

रघुवर दयाल गोहिया

सीहोर। अगले 25 सालों के लिए शहर की जरूरतों को देखते हुए इन पांच सालों में नगर पालिका शहर विकास की योजनाओं पर काम कर रही है। भविष्य में शहर की क्या जरूरते हैं, क्या संभावनाएं होंगी, इनको लेकर ही योजनाओं पर काम किया जा रहा है। हमारा विजन है कि सभी के सहयोग से शहर का विकास महानगर की तर्ज पर किया जाए। उक्त विचार नगर पालिका परिषद के एक साल के कार्यकाल पूर्ण होने पर शनिवार को नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि पिछले एक साल में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए हैं। हमें जहां भी विकास निधि की आवश्यकता होती है, हमारे विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के माध्यम से प्राप्त हो जाती है। वर्ष 2023-24 के बजट से बदलेगी तस्वीर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया था। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 318 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 69 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे। गत दिनों नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 का सर्व सम्मिति से पास किया गया था। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष बजट में 75 करोड रुपए की वृद्धि की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह




चौहान के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

**इन प्रयासों से होगा शहर का महानगर की तर्ज पर विकास-** आगामी दिनों में शहर के विकास की तस्वीर पेश करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि आडिटोरियाम निर्माण कार्य, मल्टीपरपस जिम एवं स्वीमिंग पूल का निर्माण, स्टेडियम निर्माण और विकास कार्य, सी-2 नाला विकास कार्य, पुलों का निर्माण कार्य, टाउन हाल के पास स्थित नाले का विकास, सब्जी मंडी विकास कार्य, पुरानी जेल परिसर में सिविक सेंटर, शापिंग माल भवन एवं कंर्वेशन सेंटर निर्माण, कायाकल्प कार्यों डामरीकरण एवं पार्क के विकास के लिए मछलीपुल से लुनियापुरा मार्ग एवं एमपीईबी चौराहा से लुनियापुरा तक, एसडीआरएफ-2 अंतर्गत इंग्लिशपुरा पुल से कोतवाली पुल एवं दूल्हा बादशाह पुल तक नाले की रिटेनिंग वाल, नाली एवं स्टाप डेम निर्माण कार्य, कार्यालय भवन निर्माण कार्य, स्वास्थ्य, कर्मशाला भवन निर्माण कार्य, गंगा आश्रम के सामने स्थित दुकानों के ऊपर प्रथम तल पर दुकानें निर्माण कार्य, भोपाल नाके के पास व्यवसायिक भवन निर्माण कार्य, पुराने फायर बिग्रेड स्टेशन के पास व्यवसायिक भवन, पुरानी कलेक्ट्रेट से श्री मनकामेश्वर मंदिर के सामने व्यवसायिक भवन, नदी चौराहा के पास हाकर्स जोन, तीन संजीवनी क्लीनिक निर्माण होना है जिसमें लेबर कालोनी, श्यामप्रसाद मुखर्जी नगर और कस्बा, बढियाखेड़ी के पास अतिरिक्त कक्ष, हाल, शेड, पेवर ब्लाक निर्माण, वंशकार मोहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण, दुकान निर्माण बस स्टैंड के पास स्थित दुकानों के ऊपर आदि कार्य किए जाना है।

**धार्मिक और सामाजिक भवनों का हो रहा निर्माण-** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की रूचि विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए बडि?ा खेड़ी अखाड़े में चार लाख से अधिक की लागत से एक कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। शहर में धार्मिक कार्यों के महत्व को ध्यान में रखते हुए हंसराज मठ के नजदीक भी तीन कक्ष बनाए जा रहे हैं। कोली समाज धर्मशाला बसोड चौराहा के पास गंज के 20 लाख रुपए की लागत से कक्ष निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह वंशकार समाज धर्मशाला लाल मंदिर के पास गंज में 3,00,000 की लागत से कक्ष निर्माण हो रहा है। एक टीन शेड का निर्माण पुराना बस स्टेण्ड श्री विश्वकर्मा जी मंदिर के पास 1.91,953 रुपए की लागत से किया जाएगा। अगले 1 वर्ष में होना है और करोड़ों के कार्य नगर के विकास की कड़ी में सी-2 नाला का विकास कार्य लगभग 10 करोड़ रूपए की लागत से होगा और पुलों निर्माण कार्य पर भी 20 रुपए करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसी तरह टाऊन हॉल के पास स्थित नाले का विकास 5 करोड़ रुपये की राशि से होगा। सब्जी मंडी का विकास कार्य भी 2 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण होगा। इसी क्रम में पुरानी जेल परिसर में (सिविक सेन्टर) शॉपिंग भवन एवं कर्वेशन सेन्टर निर्माण लगभग 5 रुपए करोड़ की लागत से होना है। कायाकल्प कार्यों डामरीकरण व पार्क के विकास के लिये मछलीपुल से लुनियापुरा मार्ग व एमपीईबी चौराहा से लुनियापुरा तक 10 करोड़ रुपए की राशि से होगा। नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण कार्य भी 5 करोड़ रुपए से होगा। एक स्वास्थ्य-कर्मशाला भवन निर्माण कार्य 27.83 लाख रूपए से किया जाएगा। नदी चौराहा के पास हाकर्स जोन का निर्माण 20 लाख की राशि से और बस स्टैंड के पास स्थित दुकानों के ऊपर दुकानों का निर्माण 50 लाख रुपए की लागत से होगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार के पास विकास के लिए राशि की कमी नहीं है और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहर का गौरव दिवस मनाया था, उस समय शहर को प्रदेश का सबसे अग्रणी शहर बनाए जाने की घोषणा की थी। उसके ही अनुरूप सभी पार्षद साथियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से कार्य किए जा रहे हैं।

# क्या संसद सड़क छाप नहीं?

स्वाभाविक है जो 2024 के आम चुनाव की नजदिकी में संसद की कार्रवाई चुनावी राजनीति लिए हुए हो। लोकसभा का अविश्वास प्रस्ताव उसमें ढला-बना हो। तभी विपक्ष ने मणिपुर की वीभत्सता में अविश्वास प्रस्ताव ला कर चुनाव पूर्व का पेंतरा चला। इसे समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कमर कसी। भाषण तैयार किया। ऐसा आजाद भारत में पहले भी हुआ है। और यह संसदीय राजनीति में मान्य है। लेकिन यह मान्य नहीं है कि इस चक्कर में ससंद की गरिमा को ताक में रख दें। उसे सब्जी बाजार बना दें। संसदीय बहस चुनाव की सड़क छाप भौ-भौ में कनवर्ट हो जाए। कोई माने या न माने, पर मेरा मानना है कि अगस्त 2023 के अविश्वास प्रस्ताव पर संसदीय इतिहास में अनिवार्यत यह लिखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में भारत की संसद, ससंदीय गरिमा और संसद के नेता उर्फ प्रधानमंत्री की जुबा चुनावों की सडक छाप नुक्कड भाषणों का प्रतिमान थी।

मैं इंदिरा गांधी के समय से संसद के भाषणों, अविश्वास प्रस्तावों, पक्ष-विपक्ष की बहसबाजी, गाली-गलौज सबका साक्षी रहा हूं। राजनारायण, मनिराम बांगड़ी के हल्लों तक को सुना है। लेकिन मैंने कभी न देखा और न सुना कि विपक्ष का नेता कहे आपने हिंदुस्तान का क़त्ल किया है या भारत माता की हत्या की है या देशद्रोह किया है। और इसके जवाब में प्रधानमंत्री देश को कहे इस खानदान ने मां भारती को छिन्न-भिन्न किया। इसके नाना ने, दादी ने देश तोड़ा। तू चोर, तेरा खानदान चोर। विपक्ष... अंतिम संस्कार और क्रियाकर्म करता हुआ... खंडहर पर प्लास्टर करता हुआ।... ये इंडिया नहीं, घमंडिया गठबंधन... विपक्ष ने इंडिया के टुकड़े कर दिए- I.N.D.I.A। कांग्रेस की कोई चीज़ अपनी नहीं है, न नाम, न चुनाव चिन्ह और न विचारधारा। संस्थापक था अंग्रेज और झंडा भी कांग्रेस ने चुराया।( कल्पना करें यह सब सुन गांधी, पटेल, सुभाष बोस, लोहिया आदि उन तमाम स्वंतत्रा सेनानी नेतओं की आत्माओं की दशा पर जिनके हाथ में कभी कांग्रेसी झंडा था)..., ...तुम्हारे खानदान की दुकान ने इमरजेंसी बेची। बंटवारा बेचा। मिजो लोगों पर सेना से बमबारी कराई। सिखों पर अत्याचार बेचा। इतिहास बेचा। सेना का स्वाभिमान बेचा। माँ भारती को छिन्न-भिन्न किया।

सोचे, कथित अमृतवर्ष, अमृतकाल में संसद में बोले गए भारत के प्रधानमंत्री के कोई सवा दो घंटे के लंबे भाषण के जुमलों पर। यदि नरेंद्र मोदी ने बंगाल, यूपी, बिहार याकि किसी चुनावी नुक्कड़ सभा में ऐसा भाषण दिया होता (हालांकि प्रधानमंत्री पद के लिए ऐसा वहा भी बोलना शोभादायी नहीं है) तो वह सुना-अनसुना होता। आया-गया होता। लेकिन कथित अमृतकाल की 16वी लोकसभा के रिकार्ड में अंकित प्रधानमंत्री का अविश्वास प्रस्ताव पर दिया यह भाषण सोचे, सुनहरे अक्षरों में लिखा होगा या काले अक्षरों में?

मगर जेसा समय वैसा राजा और नतीजतन वैसी ही कमान तथा उससे बनी-ढली संसद। निश्चित ही प्रधानमंत्री और उनके भाषण लेखक जानते है कि उन्होने नो सालों में देश के लोगों को जेसा गंवार और भक्त बनाया है तो उनके लिए नरेंद्र मोदी का कहा हर वाक्य अमृत। आज के नोजवान को क्या पता कि राजनीति और संसद के नेहरू से वाजपेयी-मनमोहन काल तक भाषण, बहस, विचार का राष्ट्र दिमाग क्या था? सदन में केसे नेता थे, केसे स्पीकर थे और केसे वक्ता। फिर नरेंद्र मोदी चारणों के मसीहा नेरेटर है तो टीवी चेनलों के प्राइमटाइम पर उन्हे सुनते हुए लोग जब पुराने नेताओं, विरासत, नाना, दादी, पिता, खानदान आदि का खोला जाता चिट्ठा सुनेंगे तो तालियां बजेगी। भक्त चेनलों को मसाला और टीआरपी मिलेगी। पूरा देश मानेगा कि नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को, विपक्ष को, नेहरू, इंदिरा, राजीव सबको धो डाला। देश को पहली बार मालूम हुआ कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को तोड कर, बांग्लादेश बना कर मां भारती को छिन्न-भिन्न किया। सेना का ब्ल्यूस्टार आपरेशन उग्रवादियों के खिलाफ नहीं था बल्कि सिखों पर अत्याचार था।

हां, निसंदेह आज के अमृतकाल में इस बात का अर्थ नहीं है कि क्या सत्य है और क्या असत्य? आखिर झूठ जब अमृत काल का राष्ट्रधर्म है और बांटो व राज करों सत्ता प्राप्ति की नंबर एक राजनीति तो प्रजा को यह सुध हो ही नहीं सकती है कि राष्ट्र-राज्य की बरबादी केसे हुआ करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कथित चाणक्य अमित शाह को समझ नहीं है कि मिजोरम, नार्थ ईस्ट, खालिस्तान, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, बंगाल, बिहार याकि आजादी बाद के तमाम अनुष्ठानों में पूर्ववर्ती सरकारों ने पृथकताओं को मिटाने, नस्ल-समूहों के विलय के येन-केन-प्रकारेण जितनी तरह के प्रयास किए, नार्थ-ईस्ट को जेसे संभाला वह सब बिखरी-गुलाम कोम के राष्ट्र निर्माण के ध्येय से भी था। आखिर यह तो तथ्य है कि बिखरा होना हमारी तासीर है। हम हिंदू सदियों बंटे रहे तभी तो खेबर पार से पांच हजार घुडसवार आते थे और भारत के सम्राट बन जाते थे। अंग्रेजों या मुगलों ने हिंदुओं को नहीं बांटा, हिंदू बंटे हुए थे वे सत्ता के खातिर बंटे होते थे या बांटे जाते थे जैसे कि पिछले नो वर्षों में जांत-पांत में लगातार बंटते हुए है तो वैसी ही बटी हुई राजनीति है, संसद है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसी कोई दूसरी संसद नहीं है जिसमें विपक्ष सरकार से कहे तुम देशद्रोही तो प्रधानमंत्री बोले तू, तेरी पार्टी और तेरा खानदान माँ भारती को छिन्न-भिन्न करने वाला!

# विश्वास प्रगट या बौखलाहट?

लोकसभा में नरेंद्र मोदी का भाषण शुरूआत में अपने आप पर, अपनी उपलब्धियों और जनता के विश्वास का हवाला देने वाला था। उन्होंने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को भगवान का आशीर्वाद बताया। देश की जनता को अखंड विश्वासी बताया। मतलब यह कि मेरा विश्वास जनता पर और जनता का विश्वास मेरे पर! और इसे मानने में हर्ज नहीं है। जनता का मूड और खासकर हिंदीभाषी प्रदेशों में लोगों का मूड ऐसा ही है। हिंदीभाषी हिंदुओं और देश के कोई 38 प्रतिशत मतदाताओं की मोदी के प्रति अंधभक्ति है। तभी सवाल है कि उन्हे सवा दो घंटे के अपने भाषण में विपक्ष और कांग्रेस के इतने क्रियाकर्म की क्या जरूरत थी? नरेंद्र मोदी ने कोई 45 बार कांग्रेस का जिक्र किया। कांग्रेस और कांग्रेस के खानदान की हर तरह से ऐसी तैसी की।

सोचे, जब विपक्ष जर्जर है। खुद मोदी यूपीए का बेगलूरू में अंतिम संस्कार हुआ बता रहे है। उसे खंडहर बता रहे है। सत्ता पक्ष चौके-छक्के मारते हुए है जबकि विपक्ष नो बॉल करता हुआ। विपक्षियों को बहीखाता बिगड़ा हुआ है। वे शुतुरमुर्गी है। विपक्ष के काले कपड़ों से मोदी का मंगल है। विपक्ष जो चाहेगा उससे उलटा मेरा भला होगा, हमारा कल्याण होगा का उनका अनुभव है। तो अपने पर ईश्वर के इस बरदान (विपक्ष) पर नरेंद्र मोदी को वह सब क्यों बोलना था जिससे उनकी जुबान गंदी हुई। उनका भाषण सड़क छाप हुआ?

राहुल गांधी या विपक्ष कुछ भी बोले, यदि इससे उनका (मोदी का) भाग्योदय था और वरदान है तो नरेंद्र मोदी को वैसा ही नहीं बोलना था जैसे बतौर प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने या इंदिरा गांधी ने अपने खिलाफ रखे गए अविश्वास प्रस्तावों पर बोला?

हां, याद करें, सन् 2014 या 2019 के संसद में बतौर प्रधानमंत्री के खुद नरेंद्र मोदी के शुरूआती तथा अविश्वास प्रस्ताव के भाषण को। सन् 2019 में भी नरेंद्र मोदी का कांग्रेस पर हमला था। पर इस अंदाज में कि ये मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हुए है जबकि खुद बिना आत्म विश्वास के है। ये कैसे देश की रक्षा करेंगे। गांधी परिवार का इतिहास सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, चरणसिंह, मोरारजी आदि सभी के साथ धोखे का रहा है। तब राफेल का मामला था और राहुल गांधी भाषण के बाद मोदी के पास जा कर उनके गले लगे थे।

ठिक पांच वर्ष बाद राहुल गांधी ने क्या बोला? नरेंद्र मोदी ने सवा दो घंटे क्या कहा? कुछ मामलों में भाषण के एक ही पैटर्न के बावजूद नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों की विपक्ष और खासकर कांग्रेस व इंडिया एलायंस से बनी घनघोर-जानी चिढ़ कई जुमलों से जाहिर हुई है। चेहरे से भी झलकी।

दरअसल, मणिपुर मसले पर विपक्ष ने एकजुटता से नरेंद्र मोदी के मौन को मुद्दा बनाया। इससे मोदी-अमित शाह दोनों में झुंझलाहट बनी। विपक्ष में किसी ने बतौर गृह मंत्री अमित शाह पर ठीकरा नहीं फोड़ा। कोई नहीं बोला कि बतौर गृहमंत्री वे दोषी है और इस्तीफा दे। तभी अमित शाह को गिला यह था कि विपक्ष उन्हे सुनने को तैयार नहीं। अमित शाह ने अपने भाषण में बाकायदा कहा कि विपक्ष मणिपुर जैसे मुद्दे पर गृह मंत्री को सुनना नहीं चाहता। आप (गृह मंत्री) मुझे चुप नहीं कर सकते हैं।

जाहिर है विपक्ष ने पहले दिन से मणिपुर पर नरेंद्र मोदी के बोलने का मांग पकड़ी हुई थी। जब अमित शाह ने संसद में अपना भाषण दिया तो मामूली बात नहीं जो कांग्रेस के अधिरंजन चौधरी ने कहा कि हमें डीएम को सुनना है कोतवाल को नहीं!

तभी नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष को घमंडिया कहा तथा इंडिया एलायंस पर बरसे। इसके पीछे नवंबर बाद की उन घटनाओं का भी योगदान है जो मोदी राज के लिए अप्रत्याशित है। घटनाएं क्योंकि अब नरेंद्र मोदी के केलेंडर व रणनीति माफिक नहीं हो रही है तो नित नई परेशानी है। सोचे, अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के तालमेल में राज्यसभा में जब डा मनमोहन सिंह पहुंचे तो कितने परेशान हुए होंगे। कर्नाटक में बुरी हार हुई और राहुल गांधी जेल की बजाय लोकसभा लौट आए तो बौखलाना स्वभाविक। तभी नरेंद्र मोदी ससंद में वह बोले जो हिसाब प्रधानमंत्री पद पर बेठे व्यक्ति को कतई नहीं बोलना चाहिए। पीएम के लिए तो सडक की नुक्कड सभा में भी ऐसा भाषण शोभादायी नहीं हो सकता।

क्या आप नहीं मानते?

# मणिपुर, ठहाके लगाने का विषय!

विपक्षी पार्टियों की ओर से लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने का एक खास मकसद था। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मणिपुर की दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा किए जाने का एक वीभत्स वीडियो आया था। राज्य में जातीय दंगे तीन मई को शुरू हुए थे और वह घटना चार मई की थी लेकिन वीडियो 19 जुलाई को सामने आया था। यानी घटना के 76 दिन के बाद और उसके एक दिन बाद 20 जुलाई को सत्र शुरू हुआ तो संसद भवन परिसर में मीडिया से औपचारिक मुलाकात में प्रधानमंत्री ने पहली बार मणिपुर पर मुंह खोला था। उससे पहले 76 दिन तक वे खामोश रहे थे। खामोशी टूटी भी तो सिर्फ 36 सेकेंड के लिए। सत्र शुरू होने के बाद पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री से बयान देने की मांग करता रहा लेकिन वे संसद में नहीं बोले। इसी वजह से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया ताकि प्रधानमंत्री बोलें। इसलिए उनके बोलने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री से बुलवाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव की संवैधानिक व्यवस्था का इस्तेमाल करना पड़ा।

सोचें, कैसी पृष्ठभूमि में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था? मणिपुर में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हैं और 60 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, महिलाओं के साथ अत्याचार की वीभत्स घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देना हंसी-ठहाकों का विषय था, विपक्ष का मजाक उड़ाने का विषय था और अपनी राजनीति साधने का विषय था! अपने दो घंटे 13 मिनट के भाषण में पहले 90 मिनट यानी डेढ़ घंटे तक वे मणिपुर पर कुछ बोले ही नहीं। जिस विषय को लेकर अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था उसी पर नहीं बोले। जब विपक्षी पार्टियों ने इसका विरोध करते हुए वाकआउट किया तब वे दो-तीन मिनट के लिए इस पर बोले। वह भी इस अंदाज में कि वे 50 बार पूर्वोत्तर गए हैं और उनके मंत्री चार सौ बार गए हैं। उन्होंने मणिपुर की हिंसा का दोष भी कांग्रेस के ऊपर डाल दिया।

मणिपुर का मसला दुख और चिंता का है। महिलाओं के प्रति सहानुभूति का है और उनको साहस दिलाने का है। लेकिन ऐसे मुद्दे पर भी लगभग पूरे समय या तो विपक्ष के ऊपर हमला होता रहा या हंसी-मजाक चलता रहा। प्रधानमंत्री मजाक सुनाते रहे और उनकी पार्टी के सांसद ठहाके लगाते रहे। मेज थपथपाते रहे। ऐसा लग रहा था, जैसे चुनावी रैली चल रही हो और जश्न का माहोल हो। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि इस बार वे दिमाग से नहीं, दिल से बोलेंगे तो प्रधानमंत्री ने इसका भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि आपके दिमाग का हाल तो देश पहले से जानता था अब दिल का हाल भी जान गया। इस पर भाजपा सांसदो ने जैसा ठहाका लगाया वह हैरान करने वाला था।

> *प्रधानमंत्री के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देना हंसी-ठहाकों का विषय था, विपक्ष का मजाक उड़ाने का विषय था और अपनी राजनीति साधने का विषय था! अपने दो घंटे 13 मिनट के भाषण में पहले 90 मिनट यानी डेढ़ घंटे तक वे मणिपुर पर कुछ बोले ही नहीं।*

किसी ने यह नहीं सोचा कि मणिपुर का मसला दिल दहलाने वाला ही है और राहुल गांधी वहां से होकर आए हैं। वे दिल के लिए वहां गए थे और राहत शिविरों में जाकर लोगों का हाल देखा था।

इसी तरह से प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस ने सदन के अपने नेता को बोलने नहीं दिया। स्पीकर की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि आपने उदारता दिखाते हुए समय नहीं होने के बावजूद उनको बोलने दिया लेकिन गुड़ का गोबर कैसे करते हैं इसमें वे माहिर हैं। उनकी इस बात पर भी उनकी पार्टी के सांसदों ने खूब ठहाके लगाए और मेज थपथपाई। ऐसा लग रहा था, जैसे किसी स्टैंड अप कॉमेडी शो में पंच लाइन बोली जा रही है और बैकग्राउंड से रिकॉर्डेड ठहाकों की आवाज आ रही है। सोचें, भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी आदि को भाजपा ने बोलने का मौका नहीं दिया लेकिन प्रधानमंत्री इस बात का मजाक उड़ा रहे थे कि कांग्रेस ने अधीर रंजन को नहीं बोलने दिया। मणिपुर से भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी के दो सांसद हैं और उनको भी नहीं बोलने दिया गया। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने 2018 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था और फिर 2023 में पेश किया। वे 2028 में भी अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे और तब तक देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला बना होगा। उनके इस आशावाद पर भाजपा और एनडीए के सांसद ऐसे किलकारी मार रहे थे, जैसे छोटे बच्चे को चांद मिल गया हो।

एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर किसी भी दूसरे प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले लाल बहादुर शास्त्री ने दो घंटे 12 मिनट का भाषण दिया था, जबकि मोदी का भाषण एक मिनट ज्यादा का रहा। इस रिकार्ड तोड़ भाषण में मणिपुर की चिंता और वहां के लोगों के प्रति हमदर्दी का भाव नहीं दिखा। बल्कि अपनी पार्टी के पूर्ण बहुमत से सरकार में होने का अहंकार झलक रहा था और विपक्ष के प्रति हिकारत का भाव दिख रहा था। पूरा भाषण विपक्ष को और उसके नेताओं को नीचा दिखाने और अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का था। मणिपुर में सरकार की नाकामी को स्वीकार करने, शांति बहाली का रास्ता दिखाने और वहां के लोगों को भरोसा दिलाने की बजाय पूरा भाषण अपनी सरकार की झूठी-सच्ची उपलब्धियों के बखान वाला रहा। लगातार नौ साल राज करने वाले प्रधानमंत्री से जिस तरह की जवाबदेही वाले भाषण की उम्मीद की जा रही थी उसकी बजाय पूरा भाषण पिछली सरकारों पर दोष मंढ़ने वाला था।

## इतिहास को दोष देना सबसे आसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस की महामारी के समय आपदा में अवसर का सिद्धांत दिया था। लेकिन वह एकमात्र मौका नहीं था जब उन्होंने और उनकी पार्टी ने आपदा को अवसर मानने वाली राजनीति की। मणिपुर के मसले पर जिस दिन से विपक्षी पार्टियों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था उस दिन से भाजपा के नेता और सोशल मीडिया में उनके समर्थक यह बता रहे थे कि विपक्ष ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अवसर दे दिया है और वे संसद में बोलेंगे तो विपक्ष को बखिया उधेड़ देंगे, क्लीन बोल्ड कर देंगे आदि आदि। और सचमुच प्रधानमंत्री ने अपने समर्थकों को निराश नहीं किया। वे पूरे भाषण में विपक्ष की बखिया उधेड़ते रहे। इसके लिए उन्होंने हमेशा की तरह इतिहास का सहारा लिया। प्रधानमंत्री इतिहास की घटनाओं का जिक्र करके कांग्रेस को हर चीज के लिए जिम्मेदार ठहराते रहे। इतिहास को दोष देने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि आप अपनी जिम्मेदारी से बच जाते हैं।

*शेष गपशप हाल-फिलहाल पेज पर...*

# लफ्फाजी, आंकड़े और अनसुनी सिसकियां

बावजूद इस के कि संख्या-शक्ति का गणित साफ था, विपक्ष ने सरकार के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव ला कर फेंका तो तुरूप का पत्ता ही था, मगर मैं अब तक सोच रहा हूं कि अपनी लचर दलीलों के बावजूद नरेंद्र भाई मोदी ने तीनों इक्के हथिया कैसे लिए? सो, तफ़सील से नफ़सियाती तज्जिया करने के बजाय मैं चुनींदा चेहरों की लोकसभा में कही चुनींदा बातें आप के सामने रख कर सब-कुछ आप पर ही छोड़ता हूं।

**राहुल गांधीः** पिछले साल मैं ने 130 दिनों तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश के एक कोने से दूसरे कोने तक की पैदल भारत जोड़ो यात्रा की। यात्रा के दौरान और उस के बाद भी लोग मुझ से यह यात्रा करने का कारण पूछते रहे। शुरू में मैं उन्हें कारण बता नहीं पाता था। शायद शुरू में मैं ख़ुद भी नहीं जानता था कि यह यात्रा मैं क्यों कर रहा हूं। मुझे लगता था कि मैं भारत को देखना चाहता हूं और लोगों से मिल कर उन्हें समझना चाहता हूं। हज़ारों-लाखों लोग यात्रा में मुझ से मिले। उन का दर्द मेरा दर्द बन गया। उन की व्यथा मेरी व्यथा बन गई। लोग कहते हैं कि भारत एक देश है। सच्चाई यह है कि यह दो है। सच्चाई यह है कि यह देश इस के लोगों की आवाज़ है। उन के दर्द, दुःख और दिक्क़तो की आवाज़। अगर हमें यह आवाज़ सुननी है तो अपना अहंकार त्यागना पड़ेगा। अपने भीतर बसी नफ़रत त्यागनी पड़ेगी। कुछ दिनों पहले मैं मणिपुर गया। आज की हक़ीकत यह है कि मणिपुर अब पहले जैसा नहीं रहा। मणिपुर दो हिस्सों में बंट गया है। आप ने मणिपुर को विभाजित कर दिया है। आप ने मणिपुर के टुकड़े कर दिए हैं। मैं मणिपुर के राहत शिविरों में गया। मैं ने वहां महिलाओं और बच्चों से बात की। हमारे प्रधानमंत्री ने यह नहीं किया। महिलाओं के साथ जो बीता, उस की कथाएं सुन कर मैं सिहर गया। इस सरकार ने मणिपुर को ही नहीं मार डाला है, बल्कि मणिपुर में भारत को मार दिया है। यह देश इस के लोगों की आवाज़ है। इस सरकार ने लोगों की आवाज़ मार दी है। इस सरकार ने मणिपुर में भारतमाता की हत्या की है। हमारी सेना एक दिन में मणिपुर में शांति कायम कर सकती है। लेकिन यह सरकार सेना का सहयोग नहीं ले रही है। राम ने रावण को नहीं मारा था। रावण को उस के अहंकार ने मारा था। रावण सिर्फ़ दो लोगों की बात सुनता था। यह सरकार पूरे देश में आग लगा रही है। इस सरकार ने मणिपुर को भी आग के हवाले कर दिया है। यह सरकार अब हरियाणा में भी यही कर रही है।

**स्मृति ईरानीः** मणिपुर के टुकड़े नहीं हुए हैं। मणिपुर विभाजित नहीं हुआ है। वह भारत का अभिन्न अंग है। आज कांग्रेस के नेता न्याय की बात करते हैं। लेकिन मैं उन से पूछना चाहती हूं कि कश्मीरी पंडितों को न्याय कब मिलेगा? 1984 के दंगों के शिकार सिखों को न्याय कब मिलेगा? 2014 तक सिर्फ़ 39 प्रतिशत घरों में शौचालय थे। 2019 में देश के सौ प्रतिशत घरों में शौचालय बन गए। जब कांग्रेस की सरकार थी तो सिर्फ़ तीन करोड़ परिवारों को नल से पानी मिलता था। 2019 में साढ़े बारह करोड़ परिवारों को मिलने लगा। 23 करोड़ महिलाओं के जनधन खाते बैंकों में खुले। 40 करोड़ लोगों को मुद्रा योजनाउ में कर्ज़ मिले। इन में से 27 करोड़ महिलाएं हैं। बहुत-से नए विश्वविद्यालय खुले। सैकड़ों खिलाड़ियों ने पदक जीते। हज़ारों नए रेल-डिब्बे बने। देश तरक्क़ी कर रहा है। यह अविश्वास प्रस्ताव निरर्थक है।

**डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्लाः** स्मृति ईरानी जी की यह बात पूरी तरह ग़लत है कि जब से उन की सरकार आई है, कश्मीर में बाल विवाह बंद हो गए हैं। महाराज हरिसिंह ने 1928 में बाल विवाह पर पाबंदी लगाई थी और तब से इस क़ानून पर अमल हो रहा है। इस देश का फ़र्ज़ सिर्फ़ हिंदुओं का ख़याल करना नहीं है। उन्हें मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों - सभी का ख़याल रखना है। प्रधानमंत्री एक अरब चालीस करोड़ देशवासियों के प्रधानमंत्री हैं। आप देश को बताएं कि पिछले दस साल में कितने कश्मीरी पंडितों को आप कश्मीर वापस लाए? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप यह मानते ही नहीं हैं कि हम भी इसी देश का हिस्सा हैं। आप देश को त्रासदी में डाल रहे हैं। लोगों का प्यार हमें आपस में एक रखेगा, बंदूक की ताक़त से यह नहीं होगा। आप कहते हैं कि कश्मीर में शांति है, लेकिन आप जी-20 के सदस्यों को गुलमर्ग और दाचीगाम भी नहीं ले जा पाए। आप कश्मीरियों को पाकिस्तानी समझना बंद कीजिए। मणिपुर में भी शांति तभी आएगी, जब हम प्यार से लोगों के दिल जीतेंगे।

**अमित शाहः** अविश्वास प्रस्ताव वहम पैदा करने के मक़सद से लाया गया है। देश के लोगों का इस सरकार में पूरा विश्वास है। देश के 60 करोड़ ग़रीबों का इस सरकार में पूरा विश्वास है। आज़ादी के बाद अगर किसी सरकार को देशवासियों का इतना विश्वास मिला है तो वह इस सरकार को मिला है। इस सरकार ने नौ साल में पचास से ज़्यादा ऐसे युगांतकारी निर्णय लिए हैं, जो अपने में एक कीर्तिमान है। 2014 से पहले हमारा लोकतंत्र भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और जातिवाद की गिरफ़्त में था। हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री ने इसे कार्यदक्षता पर आधारित बनाया। अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष के राजनीतिक दलों के असली चरित्र को उजागर करता है। पहले भी वे अविश्वास प्रस्ताव ला कर अपनी असलियत दिखा चुके हैं। हमारी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत को मुख्यधारा में लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री जी अब तक पचास से ज़्यादा बार पूर्वोत्तर राज्यों के दौरे पर जा चुके हैं। यह ग़लतफ़हमी फैलाई जा रही है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा नहीं करना चाहती है। मैं ने तो संसद का सत्र शुरू होने से पहले ही लोकसभा अध्यक्ष जी को पत्र भेज कर कहा था कि मणिपुर पर चर्चा कराएं। मैं आप को मणिपुर की हिंसा के पीछे के कारणों को विस्तार से बता रहा हूं। लेकिन विपक्ष को तो सिर्फ़ हंगामा करना है।

**नरेंद्र मोदीः** भगवान बहुत दयालु हैं। भगवान का आशीर्वाद है कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे अविश्वास प्रस्ताव ले कर आए। अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। ये घमंडिया गठबंधन है। इस की बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। 2024 के चुनाव में हम पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ कर वापस आएंगे। विपक्ष नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी लग रही है। बच्चा सुंदर होता है तो उसे काला टीका लगा देते हैं। आज जब देश में सब अच्छा हो रहा है तो विपक्ष काले कपड़े पहन कर सदन में आया। विपक्ष को एक गुप्त वरदान मिला हुआ है। वह जिस का बुरा चाहता है, उस का अच्छा हो जाता है। (प्रधानमंत्री ने क्या कहा, क्या नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं है। बड़ी बात यह है कि 132 मिनट के उन के भाषण में 98 बार तालियां बजीं, 22 बार ठहाके लगे, 29 बार उन्होंने मणिपुर शब्द का जिक्र किया और सदस्यों ने 13 बार भाषण के बीच टोकाटोकी की।)

# शासकीय हाई स्कूल बगलई में हुआ पुस्तकालय दिवस का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे न्यूज सिवनी**
प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु विषयवार पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता के साथ-साथ विविध रूचिपूर्ण सामग्री की उपलब्धता की दृष्टि से पुस्तकालय स्थापित किये गये है। पुस्तकालयीन गतिविधियों को प्रभावी बनाने की दृष्टि से देश में पुस्तकालय विज्ञान के जनक और प्रसिद्ध गणितज्ञ, पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन जी का जन्मदिवस 12 अगस्त को सभी संस्थाओं में पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में पुस्तकालयों को महत्व देने के उद्देश्य से 12 अगस्त को केवलारी विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल बगलई में पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों का स्वागत सत्कार कर पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर




कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। पुस्तकों पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएँ जिनमें क्विज, भाषण, स्लोगन एवं, निबंध लेखन प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुखर वाचन / स्व-प्रेरणा का विकास करना, कहानी के मुख पृष्ठ पर चर्चा, कहानी सुनाना आदि गतिविधियों को संचालित किया गया। पुस्तकों के नाम पर आधारित प्रश्न मंच का आयोजन, कविता लेखन और प्रस्तुतीकरण, बच्चों से छोटी-छोटी कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, पालको के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया, तथा श्रेष्ठ बाल पाठकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**इन छात्रों ने प्रतियोगिता में मारी बाजी**-आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से 8 बच्चे, कक्षा आठवीं से 14 बच्चे, कक्षा नवमी से 8 बच्चे और कक्षा दसवीं से 5 बच्चे इस तरह से कुल 35 बच्चों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कक्षा आठवीं में अध्यनरत छात्रा कु रेशमा करियाम प्रथम, कु काजल रजक द्वितीय और रुपाली चंदेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। जिन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य रवि कुमरे, पुस्तकालय प्रभारी श्रीमती खान मेडम एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# रीवा में व्यापारी पर चाकू से हमला

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**
**रीवा।** जिले में दुकान बंद करके घर जा रहे व्यापारी पर अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद व्यापारी ने अमाहिया पुलिस थाने में पहुंचकर वारदात की घटना का मामला दर्ज करवाया है।

**क्या कहा पीड़ित ने**-घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुलाब शिवनानी रीवा शहर में फैशन नाम की दुकान संचालित करते हैं। हर दिन की तरह रात को अपनी दुकान बंद करके जा रहे थे। अमहिया गल्ला मंडी स्थित एक अज्ञात युवक उनके सामने खड़ा हुआ था जाते वक्त इस युवक ने



चाकू से उन पर हमला कर दिया। इसके बाद व्यापारी की गाड़ी जमीन पर गिर जाती है और आरोपी व्यापारी से छीना झपटी करता है। इसी दौरान दो और युवक आते हुए दिखे और बाइक स्टार्ट करके आरोपी युवक को गाड़ी में बैठा कर फरार हो गए। व्यापारी ने बताया कि यह घटना किसने और किसने करवाया इसके बारे में हमें जानकारी नहीं है।

**रीवा में अपराध की आए दिन हो रही है घटनाएं**-रीवा शहर में अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं बीते दिन दो युवक की चाकुओं से आरोपियों ने हमला कर दिया वह युवक अपनी प्रेमिका को उसके घर छोड़ने जा रहा था इसमें से एक युवक की चाकू लगने से मौत हो गई थी

**व्यापारी ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**-व्यापारी ने इस पूरे घटना की वारदात को अमहिया थाने मे शिकायत दर्ज करवाई है 7पुलिस ने इस मामले को दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है 4ऱ00 में हो रही अपराधिक घटनाओं पर पुलिस पर कई सवाल उठ रहे हैं आखिर रीवा शहर में अपराध क्यों नियंत्रित नहीं हो रहा है।

# दो स्कूलों में किया गया मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**
**रीवा।** विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जिले भर में पुलिस विभाग द्वारा मैं हूं अभिमन्यु चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के मार्गदर्शन में दो स्कूलों में महिला प्रकोष्ठ उप पुलिस अधीक्षक तथा उप निरीक्षक द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय मार्तण्ड क्रमांक दो तथा डीएआरएसएच स्कूल में आयोजित मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक बुराई से दूर रहने तथा नशे से दूर रहने की समझाइश दी गयी। विद्यार्थियों को शिक्षा पर ध्यान केन्द्रीत करने, अनुशासित जीवन की सीख दी गयी। विद्यार्थियों को सामाजिक कुप्रथाओं का विरोध करने, साइबर अपराध से बचाव के लिए सजग रहने तथा महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में समझाइश दी गयी।

# माननीय आडवाणी जी व मुरली मनोहर जोशी जी के दिल की बात देश सुनना चाहता है: नारायण त्रिपाठी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी**
**(संभागीय ब्यूरो)**
**मैहर।** विधायक नारायण त्रिपाठी ने अपने जारी वक्तव्यों में कहा कि मेरे मन मे बहोत दिनों से एक ख्वाहिश है और सायद यह देश के हर व्यक्ति की ख्वाहिश होनी चाहिए। स्वर्गीय अटल जी व लालकृष्ण आडवाणी जी की जोड़ी ने देश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का कार्य किया,दोनों की जोड़ी राष्ट्रीय स्तर पर यादगार जोड़ी थी और पूजनीय थी आगे भी रहेगी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आडवाणी जी व मुरली मनोहर जोशी जी आज



भी भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में है। देश का एक एक आदमी चाहता है कि वे स्वास्थ्य रहे सतायू हो। ये दोनों नेता उम्र के अंतिम पड़ाव में है देश के हर व्यक्ति की यह अभिलाषा है कि एकबार ये नेता सार्वजनिक मंच और सदन दोनों में अपने दिल की बात राष्ट्रहित के मुद्दे में रखें लोग सुनना चाहते हैं। इसलिए मेरी माननीय प्रधानमंत्री जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा जी व तमाम भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेताओं से अपील है कि एकबार जन भावनाओ के मद्देनजर इन दोनों महापुरुषों को राष्ट्रहित के मुद्दे में बोलने का अवसर प्रदान किया जाय। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मेरी हिंदुस्तान के उन तमाम लोगो से अपील और प्रार्थना है कि जो लोग आडवाणी जी व मुरली मनोहर जोशी जी को एकबार देखना और सुनना पसंद करते है इस मुहिम में सामिल हो। मै इन दोनों वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की कोशिश करूंगा साथ ही उन्हें माई के धाम में आने का आमंत्रण दे उनसे आग्रह करूंगा कि माई के दर्शन कर इसी धार्मिक नगरी के मंच से राष्ट्रहित के मुद्दे में अपनी बात रखें जिससे उन्हें लोग एकबार सुन देख सकें। दोनों वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में है पार्टी सुने न सुने पार्टी को दे न दे लेकिन देश को एकबार अपना मार्गदर्शन देने की कृपा अवश्य करें।

## शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**
**रीवा।** जिले भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस क्रम में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी शासकीय भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को शासकीय भवनों में 14 अगस्त एवं 15 अगस्त की रात्रि में आकर्षक सजावट के साथ रोशनी की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष होंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

# रीवा में विधानसभा अध्यक्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**
**रीवा।** जिले भर में 15 अगस्त को गणतंत्र दिवस उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय भव्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम होंगे। मुख्य अतिथि प्रातः 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। मुख्य अतिथि श्री गौतम प्रातः 9.08 बजे से मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में प्रातः 9.38 बजे हर्ष



फायर किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 9.40 बजे से विभिन्न दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि 9.50 बजे खुशियों के प्रतीक गुब्बारे मुक्त गगन में छोड़ेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड में शामिल दलों के परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे। इसके बाद मध्यप्रदेश गान होगा। समारोह में 10 बजे मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहीदों के परिजनों का सम्मान करेंगे। समारोह में 10.10 बजे से आकर्षक और मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह का समापन प्रातः 11.10 बजे पुरस्कार वितरण से होगा। जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिये आवश्यक प्रबंध करने तथा शासन के निर्देशों के अनुसार समारोह आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

# खदान में भरे पानी में डूबकर मासूम की मौत।परिवार में छाया मातम जांच में जुटी बरौंधा पुलिस

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
घर के बगल से पत्थर निकालने के लिए खोदी गई खदान आखिरकार मासूम को निगल गई।जिसके बाद पूरे परिवार में मातम पसर गया।परिजनों द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई।जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।घटना मझगंवा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम गहिरा की है।जहां 6 वर्षीय मासूम आशीष यादव पिता पप्पू यादव की पानी में डूबकर दुखद मौत हो गई।गौर तलब है कि पप्पू यादव के घर के बगल से ही





शिवकुमार यादव द्वारा बीते लगभग दो वर्षों से खदान का संचालन करते हुए ढोका पत्थर का व्यवसाय किया जा रहा था।इसके अलावा यह जानकारी भी सामने निकल कर आ रही है कि शिवकुमार यादव द्वारा अवैध रूप से खदान का संचालन किया जा रहा था।लगभग 30 फीट गहरी खदान में बरसात का पानी भरा हुआ था।जिसमे गांव के बड़े बड़े बच्चे कूदकर नहाने जाते थे।शनिवार को पता नहीं कब मासूम आशीष भी बड़े बच्चों के साथ खदान में पहुंच गया।जहां उसकी पानी में डूबकर दुखद मौत हो गई।मासूम की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया।स्थानीय निवासियों द्वारा थाना बरौंधा पुलिस को जानकारी दी गई।जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए घटना की जांच की जा रही है।वही शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉ विकास सिंह के अनुसार बच्चे की मौत वजह पानी से डूबकर होना बताई गई है।

# रीवा कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों में किया विभाजन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**
**रीवा।** जिले के कई राजस्व अधिकारियों के स्थानांतरण तथा नवीन अधिकारियों द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारी के कार्यों में नये सीरे से कार्य विभाजन किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर अनुराग तिवारी, एसडीएम हुजूर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी एसडीएम सिरमौर संयुक्त कलेक्टर श्री पीके पाण्डेय, एसडीएम त्योंथर तथा संयुक्त कलेक्टर प्रभाशंकर त्रिपाठी, एसडीएम रायपुर कर्चुलियान एवं मनगवां में यथावत कार्य करते रहेंगे। संयुक्त कलेक्टर विजेन्द्र कुमार पाण्डेय मऊगंज, डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार मेहता को हनुमना तथा संयुक्त कलेक्टर संजय कुमार जैन को गु? अनुभाग का एसडीएम बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर विकास एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे को विकास शाखा, दीनदयाल अन्त्योदय मिशन, कन्यादान योजना, वाटर शेड मिशन, समग्र



स्वच्छता मिशन तथा ग्रामीण विकास के समस्त कार्यों का प्रभार दिया गया है। डॉ. सोनवणे को विकास शाखा सामान्य निर्वाचन में मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी पर्यटन विकास एवं पुरातत्व के कार्यों, जन शिकायत निवारण शिविरों के आयोजन, जिला ई गवर्नेंश सोसायटी, पिछ?ावर्ग वित्त विकास निगम तथा अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रभार दिया गया है। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी शैलेन्द्र सिंह को जिले में कानून व्यवस्था बनायें रखने की जिम्मेदारी दी गयी है। अपर कलेक्टर को वाहन अधिग्रहण, खनिज शाखा, लायसेंस शाखा, विभागीय जांच, नागरिक आपूर्ति निगम, राजस्व प्रकरणों की अपील सुनने, विवाह पंजीयन, नजूल, नवीनीकरण आरबीसी के सभी राहत प्रकरणों, प्रेस तथा पंजीयन एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी का प्रभार दिया गया है। अपर कलेक्टर को पेंशन शाखा, जनगणना शाखा, न्यायालयीन प्रकरण, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट संबंधी कार्य स्थापना साखा विधानसभा प्रश्न तथा खाद्य एवं औषध प्रशासन के प्रकरणों की सुनवाई का प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा को कलेक्ट्रेट की धर्मस्व, डीएमएफ, स्टेशनरी, भूअर्जन, सहकारी विकास अभिकरण, न्यायिक शाखा, लोक सेवा प्रबंधन, प्रतिलिपि शाखा, व्याहारवाद, भूअभिलेख शाखा, जनसुनवाई, शिकायत शाखा, लोकायुक्त मनाव अधिकार एवं पीजीआर शिकायत शाखा का प्रभार दिया गया है। श्री सिन्हा को शहरी विकास अभिकरण, सीएम हेल्पलाइन अल्प बचत, राहत, नजारत, टीएल शाखा, आईटी शाखा, रीडर शाखा, सैनिक कल्याण आवक-जावक शाखा, राहत शाखा तथा राजस्व अभिलेखाकार का प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले को सामान्य निर्वाचन तथा स्थानीय निर्वाचन का उप जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में कानून और व्यवस्था बनाये रखने, कोलाहन नियंत्रण अधिनियम के तहत ध्वनि विस्तार उपकरणों के उपयोग की अनुमति भा?ा नियंत्रण एवं जांच अधिकारी तथा लोक परिसर बेदखली अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में भू अर्जन अधिकारी, नजूल अधिकारी, सत्कार अधिकारी, वाहन अधिग्रहण, विकास कार्यों की निगरानी, तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौपे गये कार्यों को करेंगे।

# अंकुर अभियान के लिए समिति गठित

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**
रीवा। जिले भर में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक पौधारोपण के लिए अंकुर अभियान के तहत जिले भर में विशेष प्रयास किये जायेंगे। सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में इस अवधि में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जायेगा। अभियान में समन्वय तथा निगरानी के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में आयुक्त नगर निगम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, उप संचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक शिक्षा मिशन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका परियोजना को भी शामिल किया गया है। अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन संस्थान के सीएम फेलों को भी समिति में सदस्य बनाया गया है। यह समिति पौधारोपण अभियान की निगरानी करेगी।

## स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा - कलेक्टर

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत् राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील, स्वतंत्रता दिवस समारोह की फायनल रिहर्सल आज

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) की प्रारम्भिक तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं,वे समय-सीमा में सजगतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा राज्य शासन से समारोह के आयोजन के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के हिसाब से आयोजन और कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी जाए। स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह प्रातः 09 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड में आयोजित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह की फायनल रिहर्सल 13 अगस्त 2023 को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर की जाएगी।



कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत् अधिकारी/कर्मचारियों और आम जनता से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों में 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्र ध्वज की गरिमा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों में फहराने के लिए प्रेरित करें। ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिवर्ष के अनुसार राष्ट्रगान एवं सशस्त्र पुलिस जवान,होमगार्ड,एसएएफ इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा जिले के अन्य कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 08 बजे तक सम्पन्न कर लिए जाएं ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में उपस्थित हो सकें। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अपने अधिकारीध् कर्मचारियों के नाम की सूची अपर कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारी/कर्मचारियों से अपने-अपने निवास पर और कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज लगाने अपील की। इसके साथ ही निजी संस्थाओं से भी आग्रह किया वे अपने भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं।

# रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**



**रीवा।** जिले में एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है, आपको बता दें कि रीवा सतना ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली है, बताया गया कि युवक घर से भोपाल जाने के लिए रवाना हुआ था ।मृतक की पहचान नवीन पयाशी ग्राम कुल्लू थाना चोरहटा के रूप में हुई है घटना के संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी अविनाश पांडे ने बताया कि आज सूचना मिली थी कि सतना रेलवे ट्रेन में बाईपास के समीप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है,जिसको लेकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए अस्पताल में रखवा दिया गया है।

**रीवा से भोपाल जा रहा था मृतक**-मिली जानकारी के अनुसार युवक घर से भोपाल जाने के लिए रवाना हुआ था लेकिन रीवा बाईपास समीप रीवा सतना रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला है पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई। फिलहाल युवक की मौत कैसे हुई इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## सार समाचार

### पीसीबी ने पाकिस्तानी टीम का कोचिंग स्टाफ बरकरार रखा

**लाहौर, भाषा।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप से पहले राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोचिंग और प्रबंधन स्टाफ को बरकरार रखा है। इस फैसले का मतलब है कि पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर, मुख्य कोच ग्रांट ब्रेडबर्न और टीम मैनेजर रेहान उल हक अपने पदों पर बने रहेंगे। मोर्ने मोर्कल (गेंदबाजी कोच), एंड्रयू पुटिक (बल्लेबाजी कोच) और आफताब खान (क्षेत्ररक्षण कोच) को भी बरकरार रखा गया है। टीम प्रबंधन के सभी सदस्यों की नियुक्ति नजम सेठी की अगुवाई वाली समिति ने की थी। जका अशरफ के पीसीबी प्रमुख का पद संभालने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह इसमें बदलाव कर सकते हैं।

### स्वीडन ने क्वार्टरफाइनल में जापान को 2-1 से हराया

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड),एपी।** अमेरिका को बाहर करने वाली स्वीडन ने शुक्रवार को यहां जापान को 2-1 से हराकर महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनायी। वर्ष 2003 में विश्व कप की उप विजेता और तीन बार तीसरे स्थान पर रही स्वीडन के लिए अलमांडा इलेस्टेंड ने 32वें मिनट में बढ़त दिलायी, जिसके बाद फिलिपा एंजेल्डाल ने पेनल्टी को गोल में बदला।

इससे स्वीडन की टीम पांचवीं बार सेमीफाइनल में पहुंची। फीफा रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान (2011 की विजेता) के बाहर होने से विश्व कप का खिताब किसी नयी टीम को मिलेगा। उसके लिए होनाका हयाशी ने 87वें मिनट में गोल दागा।

तोक्यो ओलंपिक में स्वीडन ने जापान को उसकी ही जमीन पर क्वार्टरफाइनल में हराकर बाहर कर दिया था। स्वीडन की टीम स्वर्ण पदक मैच में पहुंची थी लेकिन कनाडा से हार गयी थी।

### एशिया कप, विश्व कप में शाकिब करेंगे बंगलादेश की कप्तानी

**ढाका, भाषा।** बांग्लादेश ने शुक्रवार को अनुभवी आल राउंडर शाकिब अल हसन को एशिया कप और 2023 विश्व कप दोनों के लिए अपना वनडे कप्तान नियुक्त किया। इन दो बड़े टूर्नामेंट के अलावा बांग्लादेश सितंबर के अंत में सफेद गेंद की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा जिसके बाद टीम पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले विश्व कप के लिए भारत की यात्रा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा, हमने एशिया कप और विश्व कप के लिए शाकिब को कप्तान नियुक्त किया है। विश्व कप और एशिया कप की टीम की घोषणा कल की जायेगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।

तमीम इकबाल पीठ की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हो गये हैं जिससे शाकिब उनकी जगह लेंगे।

# बराबरी के लिए भारत को बल्ले से प्रदर्शन जारी रखना होगा

भारत को सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद, निगाहें श्रृंखला बराबर करने पर।

**लॉडरहिल ■**

भारतीय टीम अपने बल्लेबाजों से उम्मीद करेगी कि वे अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और जीत से श्रृंखला बराबर करने में मदद करें।

भारत भले ही तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत से श्रृंखला में बने रहने में कामयाब हुआ हो लेकिन वेस्टइंडीज अब भी श्रृंखला में 2 - 1 से आगे चल रही है। मेजबान टीम की बल्लेबाजी इकाई को लेकर चिंता अब भी बरकरार है। सूर्यकुमार यादव को पिछले मैच में अपने आक्रामक रवैये में बल्लेबाजी करते हुए देखना काफी सुखद था और तिलक वर्मा ने भी कुछ महत्वपूर्ण रन का योगदान किया था। लेकिन भारत की सलामी जोड़ी का लचर प्रदर्शन जारी रहा।

भारत ने ईशान किशन को आराम देकर यशस्वी जायसवाल को टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कराया था। लेकिन लगातार तीसरे मैच में सलामी जोड़ी फिर प्रभावित नहीं कर पायी और महज छह रन ही बना सकी। जायसवाल पहले ओवर में ही तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय का शिकार हो गये।

पिछले दो मैचों में किशन और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए महज पांच और फिर 16 रन बनाये जिससे मध्यक्रम पर दबाव बन गया था। भारत इस मैच में किशन की वापसी करायेगा या नहीं, यह देखना होगा। लेकिन टीम प्रबंधन उम्मीद करेगा कि इस 'करो या मरो' के मैच में सलामी बल्लेबाज ज्यादा असरदार प्रदर्शन दिखायें।

यह जानते हुए कि भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में इतना सक्षम नहीं है तो इससे शीर्ष पर खेल रहे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना निहायती जरूरी है। भारत ने अक्षर पटेल को सातवें नंबर पर रखा है ताकि संतुलन बना रहे और वे पांच गेंदबाजों की नीति अपनाना जारी रख सकते हैं। तिलक ने जिस तरह से अपने युवा कंधों पर जिम्मेदारी उठायी, यह देखना शानदार रहा। हैदराबाद का यह बायें हाथ का बल्लेबाज 39 (22 गेंद), 51 (41 गेंद) और 49 (37 गेंद) की पारियां खेलकर अपने करियर में बड़े मंच के लिए तैयार है। वह इस समय 69.50 के औसत से 139 रन बनाकर श्रृंखला




में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाला खिलाड़ी है।

सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के अपने साथी तिलक के बारे में बात करते हुए कहा, ''हम अब काफी लंबे समय से एक साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। हम एक दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। यह उसका दिन था कि परिपक्वता से बल्लेबाजी करे। वह काफी आत्मविश्वास से बल्लेबाजी कर रहा है और उसने मुझे भी बल्लेबाजी करने में मदद की।''

कुलदीप यादव ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टीम में वापसी की थी और उनके प्रदर्शन से निश्चित रूप से भारत के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वह अंगूठे में सूजन की वजह से दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में नहीं खेले थे। बायें हाथ के इस कलाई के स्पिनर ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन इस पूरी श्रृंखला में भारत के लिये सबसे बड़ी समस्या रहे हैं लेकिन कुलदीप ने इस बायें हाथ के खिलाड़ी को लय में आने से पहले ही आउट कर दिया। पिछले मैच में तीनों स्पिनरों - कुलदीप, अक्षर, युजवेंद्र चहल - ने अच्छा प्रदर्शन किया था और भारत को सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम में भी उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की दरकार होगी।

मैच के शुरु में यहां की पिच बल्लेबाजों की मदद करती है लेकिन जैसे मैच आगे बढ़ता है, यह अकसर धीमी पड़ जाती है जिसकी पुष्टि इससे होती है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 13 में से 11 मैचों में जीत हासिल की है।

जहां तक वेस्टइंडीज की बात है तो वे 2016 के बाद भारत पर पहली श्रृंखला जीतने का मौका चूकना नहीं चाहेंगे और बेहतर एकजुट प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत होंगे।

## शोरे और राणा ने दिल्ली छोड़ने के लिए मांगी एनओसी

**नई दिल्ली ■**

दिल्ली क्रिकेट के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं क्योंकि पूर्व कप्तान नितीश राणा और पिछले साल रणजी ट्रॉफी में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ध्रुव शोरे ने आगामी घरेलू सत्र के दौरान अन्य राज्यों के का प्रतिनिधित्व करने के लिए डीडीसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की है।

डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) के संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने शुक्रवार को इस घटनाक्रम की पुष्टि की। उन्होंने हालांकि आश्वासन दिया कि दोनों क्रिकेटरों से बात की जाएगी और उनकी परेशानी को धैर्यपूर्वक सुना जायेगा ताकि पता लगाया जा सके कि वे ऐसा निर्णय क्यों लेना चाहते हैं। मनचंदा ने कहा, हां, यह सच है कि ध्रुव और नितीश दोनों दिल्ली क्रिकेट टीम को छोड़ना चाहते हैं और उन्होंने एनओसी मांगी है। हम निश्चित रूप से उनसे रुकने का अनुरोध करेंगे क्योंकि दोनों अनुभवी खिलाड़ी हैं और उन्होंने दिल्ली क्रिकेट की काफी सेवा की है। उन्होंने कहा इस मामले में अंतिम निर्णय उनका ही होगा। अगर वे हम से सहमत नहीं हुए तो हम निश्चित रूप से उन्हें एनओसी देंगे।

यह समझा जाता है कि पिछले साल तक टीम के सफेद गेंद (सीमित ओवर प्रारूप) के कप्तान रहे राणा को एक सत्र पुराने खिलाड़ी यश धुल को यह जिम्मेदारी दिया जाना पसंद नहीं आया।

राणा को दिल्ली के ड्रेसिंग रूम में कुछ खिलाड़ियों से भी परेशानी है और उनमें मुंबई इंडियंस के हरफनमौला खिलाड़ी रितिक शोकीन भी शामिल हैं, जिन्होंने लाल गेंद की क्रिकेट में सराहनीय प्रदर्शन किया था। शोरे ने पिछले रणजी सत्र में 859 रन बनाये थे। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में मयंक अग्रवाल (990), अर्पित वसावदा (907) और अनुष्टुप



मजूमदार (867) के बाद चौथे स्थान पर थे लेकिन दिल्ली की टीम नॉक-आउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी थी। डीडीसीए के एक निदेशक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'नितीश नाराज हैं क्योंकि उन्हें लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया और कप्तानी से हटा दिया गया। शोरे नाराज हैं क्योंकि पिछले सीजन में चयनकर्ताओं ने उन्हें लाल गेंद का विशेषज्ञ करार दिया था। इसलिए वे हटना चाहते हैं। हो सकता है कि अध्यक्ष रोहन जेटली उनसे बात करें। डीडीसीए ने वीरेंद्र सहवाग को राज्य छोड़ने से भी नहीं रोका था। यह देखना होगा कि डीडीसीए राणा को कप्तानी का लालच देता है या नहीं। माना जा रहा है कि मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज हिम्मत सिंह को इस सत्र में रणजी ट्रॉफी की कप्तानी सौंपी जा सकती है क्योंकि डीडीसीए में ज्यादातर लोग इस बात से सहमत हैं कि धुल को कप्तानी सौंपने का फैसला जल्दबाजी में लिया गया था। धुल ने अब तक सिर्फ एक ही प्रथम श्रेणी मैच खेला था।

इसके साथ ही धुल भारत 'ए' के लिए राष्ट्रीय चयन समिति के रडार पर हैं क्योंकि वह एनसीए के लक्षित खिलाड़ियों की सूची में हैं और उन्हें शिविर के लिए बुलाया गया है वह इसी वजह से चेन्नई में बुची बाबू ट्रॉफी नहीं खेलेंगे। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले डीडीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, '' धुल को नवदीप सैनी के साथ एनसीए में एक शिविर के लिए बुलाया गया है।

## चीन को 6-1 से हराकर पांचवें स्थान पर रहा पाकिस्तान

**चेन्नई ■**

पाकिस्तान की हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई चेम्पियंस ट्राफी के पांचवें स्थान के प्लेऑफ में चीन को 6-1 से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की।

पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद खान और मोहम्मद अम्माद ने दो दो गोल दागे जबकि अब्दुल शाहिद और अब्दुल राणा ने एक एक गोल किया। चीन के लिए एकमात्र गोल बेनहाई चेन ने दागा।

पाकिस्तान ने अपने ज्यादातर उन्हीं खिलाड़ियों को उतारा जो जूनियर विश्व हॉकी चेम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे। अब सीनियर टीम अगले महीने चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए तैयारी करेगी। पाकिस्तान ने एक तरह से मैच पहले क्वार्टर में ही जीत लिया था। नौंवे मिनट में अम्माद ने चीनी गोलकीपर और उनकी रक्षात्मक पंक्ति को चौंकाते हुए बढ़त दिलायी। अगले ही मिनट में पाकिस्तान के लिए दूसरा गोल पेनल्टी




कॉर्नर पर मोहम्मद खान ने दाग दिया। फिर अगले ही मिनट उन्होंने यह बढ़त तिगुनी कर दी। चौथा गोल करने में भी पाकिस्तानी टीम को ज्यादा समय नहीं लगा जब शाहिद ने 15वें मिनट में अब्दुल राणा और अम्माद के पास पर गोल कर दिया। चीन की रक्षात्मक पंक्ति काफी कमजोर दिख रही थी और पहले क्वार्टर के बाद पाकिस्तान 4-0 से आगे था। दूसरे क्वार्टर में पाकिस्तानी खिलाड़ी थोड़े धीमे पड़ गये जिससे चीन की टीम आक्रामक हो गयी।

## खेल सुर्खियां

## फुटबॉलः आई-लीग 2023-24 फॉर्मेट में 13 क्लब खेलेंगे 156 मैच

पिछले सीजन के चैंपियन पंजाब एफसी को पहले ही आईएसएल में प्रमोट किया जा चुका है।

**नई दिल्ली ■** आईएएनएस/डेस्क

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) लीग समिति ने शुक्रवार को आई-लीग 2023-24 प्रारूप पर फैसला किया, जिसमें 13 क्लब होम-एंड-अवे डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में भाग लेंगे।

क्लबों की भागीदारी एआईएफएफ की क्लब लाइसेंसिंग प्रक्रिया की पूर्ति के अधीन है। पूरे सीजन में कुल 156 मैच खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक टीम 24 मैच खेलेगी। लीग के अंत में तालिका के शीर्ष पर रहने वाले क्लब को आई-लीग 2023-24 का चैंपियन घोषित किया जाएगा और इंडियन सुपर लीग 2024-25 में भाग लेने का मौका मिलेगा। लेकिन इसकी शर्त यह होगी कि वो सभी क्लब लाइसेंसिंग मानदंडों को पूरा करते हों। एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा, अधिक से अधिक क्लब न केवल आई-लीग, बल्कि तीसरे




डिवीजन में भी भाग लेने के लिए आ रहे हैं। हम सभी लीग संरचना को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सर्वोत्तम निर्णयों पर पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे क्लबों को आगे बढ़ने की इच्छा रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक, और भारतीय फुटबॉल के समग्र सुधार में मदद मिलेगी।"

पिछले सीज़न के चैंपियन पंजाब एफसी को पहले ही आईएसएल में प्रमोट किया जा चुका है।

वहीं 2022-23 आई-लीग सीज़न की दो हटाई गई टीमें - मुंबई केनक्रे एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी की जगह दिल्ली एफसी और शिलांग लाजोंग एफसी ने ले ली है, जो 2022-23 सेकेंड डिवीजन लीग की शीर्ष दो टीमें हैं।

समिति के अध्यक्ष ने कहा, पहले, हमारे पास एक उचित स्तरीय लीग संरचना नहीं थी, लेकिन यह बदल गया है। अब, आईएसएल, आई-लीग, सेकेंड डिवीजन और थर्ड डिवीजन सभी एक मजबूत लीग संरचना बनाने के लिए एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

### मरे पेट की चोट के कारण कैनेडियन ओपन से हटे

**टोरंटो (कनाडा), आईएएनएस।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे पेट की चोट के कारण यानिक सिनर के खिलाफ 16वें राउंड के मुकाबले से पहले कैनेडियन ओपन से हट गए हैं। लोरेंजो सोनेगो और मैक्स परसेल के खिलाफ अपनी शुरुआती जीत के दौरान कोर्ट पर लगभग पांच घंटे बिताने के बाद, मरे को सिनर का सामना करना था, लेकिन वह हट गए। मरे ने स्टेडियम की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मेरे पेट (मांसपेशियों) में समस्या है इसलिए दुर्भाग्य से मैं आज शाम नहीं खेल पाऊंगा। मुझे वास्तव में खेद है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है जैसे मैंने आपको निराश किया है। मैं अपने करियर में शायद ही कभी इस स्थिति में रहा हूं और मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मरे ने अपने लंबे करियर में सातवीं बार वॉकओवर दिया है। कनाडा में एटीपी मास्टर्स 1000 (2009, 2010, 2015) में तीन बार का चैंपियन, 36 वर्षीय खिलाड़ी विशेष रूप से परेशान थे।

### विश्व कप जीतने के लिये प्रतिबद्ध न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट

**लंदन,** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट पिछले दो विश्व कप 2015 और 2019 में टीम के खिताब के करीब पहुंचकर चूकने की निराशा से गुजरे हैं लेकिन अब वह इस बार भारत में होने वाले महासमर में यह मौका गंवाना नहीं चाहते। न्यूजीलैंड को 2015 फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी जबकि इसके चार साल बाद टीम इंग्लैंड से हार गयी थी। बोल्ट ने कहा, हमेशा मेरे दिमाग में यह बात रही कि मैं वापसी करूं और वनडे विश्व कप में खेलने पर काम करूं। मैं इसमें खेलने के लिए बेताब हूं और उम्मीद करता हूं कि बड़ी भूमिका निभाऊंगा। मैं सिर्फ एक चमचमाती चीज (ट्राफी) उठाना चाहता हूं जिसके करीब हम चार साल पहले पहुंचे थे। बोल्ट ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए एक साल के बाद न्यूजीलैंड की वनडे टीम में वापसी की। 99 वनडे में उन्होंने 187 विकेट चटकाये हैं। बोल्ट ने अमेरिका में शुरुआती मेजर लीग क्रिकेट में एमआई (मुंबई इंडियंस) न्यूयॉर्क को ट्राफी दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी जिसमें वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक विकेट झटकने वाले गेंदबाज रहे।

## जापान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा स्वीडन

**ऑकलैंड ■** वार्ता/डेस्क

स्वीडन ने फीफा महिला विश्वकप 2023 के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व विजेता जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

ईडन पार्क पर खेले गये दूसरे क्वार्टरफाइनल में अमांडा इलेस्टेड (32वां मिनट) और फिलिपा एंजलडेल (51वां मिनट) के गोलों से स्वीडन ने 2-0 की मज़बूत बढ़त बना ली। होनोका हयाशी ने 87वें मिनट में जापान का खाता खोला, हालांकि इससे सिर्फ एशियाई टीम की हार का अंतर ही कम हो सका। सेमीफाइनल में स्वीडन का सामना स्पेन से होगा।

प्री-क्वार्टरफाइनल में मौजूदा चैंपियन अमेरिका को पछाड़ने के बाद स्वीडन पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरा। स्टिना ब्लैकस्टेनियस ने पहले हाफ में यूरोपीय टीम के लिये खेल की पहली वास्तविक शुरुआत की, लेकिन उनकी कोशिश गोल से चूक गयी।

स्वीडन को कुछ ही क्षण बाद सफलता मिली और डिफेंडर इलेस्टेड ने पेनल्टी-बॉक्स में कुछ क्षणों के संघर्ष के बाद टूर्नामेंट में अपना चौथा गोल किया।



स्वीडन हाफ टाइम से पहले इस बढ़त को दोगुना कर सकता था लेकिन अयाका यामाशिता ने कोसोवरे असलानी के कॉर्नर को रोककर यह खतरा टाल दिया।

हाफ टाइम के छह मिनट बाद जापान के बॉक्स में एक डिफेंडर के हाथ में गेंद लगने के कारण स्वीडन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। एंजलडेल ने इस बार पेनल्टी को गोल में बदलकर स्वीडन की बढ़त दोगुनी कर दी।

जापान को इसके बाद वापसी की दो मौके मिले। मैच के 76वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर रिको यूकी का प्रयास क्रॉसबार से लगकर छिटक गया, जबकि कुछ देर बाद मिली फ्री-किक पर आओबा फुजीनो भी गोल नहीं कर सकीं। हयाशी ने निर्धारित समय खत्म होने से तीन मिनट पहले फील्ड गोल किया लेकिन वह जापान को जीत दिलाने के लिये नाकाफी रहा।

जापान के कोच फुटोशी इकेडा ने हार के बाद कहा, जब हमने उन पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो वे पीछे हटे या अपने कद का इस्तेमाल किया। हम उनके मजबूत पक्ष जानते थे, लेकिन हम हमला करने के लिये और अधिक समय चाहते थे। हमने दूसरे हाफ में लड़ने की भावना दिखाई और एक गोल किया। मुझे हार न मानने और अंत तक लड़ने के लिये खिलाड़ियों पर गर्व है।



## अजय देवगन की बहन का किरदार निभायेगी दीपिका!

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण फिल्म सिंघम 3 में अजय देवगन की बहन का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। अजय देवगन और निर्देशक रोहित शेट्टी सुपरहिट फ्रेंचाइजी सिंघम का तीसरा पार्ट यानी 'सिंघम 3'लेकर आ रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2011 में प्रदर्शित 'सिंघम' और 2014 में प्रदर्शित 'सिंघम रिटर्न्स' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी। चर्चा है कि दीपिका पादुकोण फिल्म सिंघम 3 में अजय देवगन की बहन का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं।

दीपिका इस फिल्म में एक्शन सीन करती नजर आयेंगी। दीपिका लेडी सिंघम के तौर पर फिल्म में होंगी। फिल्म सिंघम 3 में दीपिका की भूमिका ज्यादा लंबी नहीं, लेकिन महत्वपूर्ण होगी।



## ओह माय गॉड 2 के लिये उत्साहित है यामी गौतम

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम अपनी आने वाली फिल्म ओह माय गॉड 2 के लिये उत्साहित है। सुपरहिट फिल्म 'ओह माय गॉड' के सीक्वल 'ओह माय गॉड 2' में अक्षय कुमार , पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम मुख्य किरदार में हैं। यामी गौतम, ओह माय गॉड 2 के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म को लेकर काफी उत्साहित है, यामी गौतम ने कहा, तीन साल के बाद थियेट्रिकल रिलीज होने पर वास्तव में खुशी महसूस हो रही है। महामारी के बाद बड़े पर्दे पर यह मेरी पहली फिल्म है, और मैं इसके लिए ज्यादा उत्साहित हूं।बड़े पर्दे पर खुद को देखने का असली एहसास शानदार है। ओएमजी 2 की शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव था और मैं यह देखकर वास्तव में रोमांचित हूं कि यह मेरे लिए क्या मायने रखता है।

## विजय वर्मा की एक्टिंग के कायल हुए करण



शुक्रवार से शुरू हुए इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) के 14वें एडिशन में फिल्म निर्माता करण जोहर ने अभिनेता विजय वर्मा के परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की। विजय वर्मा इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए मेलबर्न में हैं। एक्टर इंडस्ट्री के एकमात्र मेंबर रहे, जिन्हें फिल्म फेस्टिवल में 'डार्लिंग्स' के लिए फिल्मों में बेस्ट एक्टर और 'दहाड़' के लिए वेब सीरीज में बेस्ट एक्टर के लिए नोमिनेशन प्राप्त हुआ। फिल्म फेस्टिवल में, करण जोहर ने विजय वर्मा की टेलेंट की तारीफ करते हुए कहाः मैंने उन्हें कल रात 'कालकूट' सीरीज में देखा, और मुझे लगा, वह कुछ भी कर सकते हैं, और अगर कोई कलाकार कुछ भी कर सकता है, तो इसका मतलब है कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा उन्हें दुनिया के सभी तरह के ऊंचे प्लेटफॉर्म्स पर ले जा सकते हैं। बधाई हो। विजय ने 'दहाड़', 'लस्ट स्टोरीज़ 2' और 'कालकूट' में बेक-टू-बैक बेस्ट परफॉर्मेंस देकर दर्शकों का दिल जीत लिया है। विजय अगली बार होमी अदजानिया की 'मर्डर मुबारक', सुजॉय घोष की 'डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' और 'मिर्जापुर 3' में नजर आएंगे। इसी दौरान करण ने खुलासा किया कि वह और एक्टर कार्तिक आर्यन कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यह सफल होगा।

## शाहरूख की फिल्म जवान का पोस्टर रिलीज



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में काम कर रहे हैं। फिल्म जवान का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।पोस्टर में शाहरुख खान,नयनतारा और विजय सेतुपति नजर आ रहे हैं। पोस्टर में शाहरुख और विजय अपने रोबीले अंदाज में तो नयनतारा हाथ में गन लिए दिख रही हैं। पोस्टर को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'एसआरके - नयनतारा - विजय सेतुपतिः 'जवान' का नया पोस्टर यहां है... जवान के नए पोस्टर में एसआरके, नयनतारा और विजय सेतुपति शामिल हैं। ये फिल्म... गुरुवार, 7 सितंबर, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

## खलनायक की भूमिका निभाती नजर आएंगी आलिया



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट 'हार्ट ऑफ स्टोन' के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह गेल गैडोट अभिनीत फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

फिल्म में आलिया जासूसी और साइबर वॉरफेयर को एक्सप्लोर करने वाली हाई-ऑक्टेन थ्रिलर में चेलेंजिंग रोल निभाती नजर आएंगी, वह केया धवन की भूमिका में है। दुनिया के सबसे टेलेंटेड और खतरनाक हैकरों में से एक केया धवन के उनके किरदार से ग्लोबल ऑडियंस को आकर्षित करने और इंटरनेशनल टेलेंट के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की उम्मीद है।

'हार्ट ऑफ स्टोन' में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, आलिया ने साझा किया - ₹अमेजिंग बात यह है कि दुनियाभर में नेरेटिव कैसे बदल रहे हैं। मैंने इसका एक्सपीरियंस भारत में भी किया है, जहां मैंने 'गंगूबाई' नामक फिल्म में काम किया था, जिसने दुनिया भर के सिनेमाघरों और नेटफ्लिक्स पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और यह एक ऐसी फिल्म थी जो सुर्खियों में आई थी।" हम एक निश्चित विचारधारा से आते हैं कि एक एक्शन फ्रेंचाइजी में वुमन लीड फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं करेगी।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन मुझे लगता है कि गेल ने वंडर वुमन करके उस मिथक को तोड़ दिया। लोगों ने वुमन लीड जासूसी थ्रिलर एक्शन फ्रेंचाइजी नहीं देखी है, इसलिए मैं अपने दम पर कुछ शुरू करना चाहती थी। मुझे यह आइडिया पसंद है। यह बहुत अनोखा और प्रासंगिक है। 'हार्ट ऑफ स्टोन' 11 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। एक्शन से भरपूर इस जासूसी थ्रिलर फिल्म में गेल गेडोट और जेमी डोर्नन भी हैं।

## रानी मुखर्जी का हुआ था मिसकैरेज, पांच महीने की प्रेग्नेंसी में खोया बच्चा

एक्ट्रेस रानी मुखर्जी, जो पहले मार्च 2023 में फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में नजर आई थीं, ने खुलासा किया कि कोविड-19 महामारी के दौरान साल 2020 में उनका मिसकैरेज हुआ था। एक्ट्रेस ने यह खुलासा इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में किया, जिसका उद्घाटन हाल ही में हुआ। एक्ट्रेस ने कहा कि 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की रिलीज के दौरान उन्होंने इस बारे में बात करने से बचना चुना, क्योंकि लोग इस घटना को प्रमोशन के रूप में देखते।

'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे', जो आशिमा छिब्बर द्वारा लिखित और निर्देशित है, यह सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म में रानी अपने बच्चों को वापस पाने के लिए नॉर्वे की सरकारी अथॉरिटीज से जूझती नजर आईं। फिल्म में अनिर्बान भट्टाचार्य, नीना गुप्ता और जिम सर्भ भी हैं।



मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव में मीडिया को संबोधित करते हुए, रानी ने साझा किया : शायद यह पहली बार है, जब मैं अपनी जिंदगी के बारे में इस तरह पब्लिकली बात कर रही हूं। 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' फिल्म के प्रमोशन के वक्त मैंने इस बारे में बात नहीं की। मैं नहीं चाहती थी कि लोग इसे फिल्म प्रोमोशन की स्ट्रेटजी समझे। यह घटना कोविड 19 के दौरान हुई, तब 2020 था। मैं प्रेग्नेंट थी। हम दूसरी बार पैरेंट्स बनने वाले थे। मगर दुर्भाग्य से मैंने अपना 5 महीने का बच्चा खो दिया। मेरा मिसकैरेज हो गया।

रानी ने आगे कहा, मिसकैरेज के शायद 10 दिनों के बाद निखिल आडवाणी ने मुझे कॉल किया। निखिल ने 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' की कहानी के बारे में बताया। मैं फिल्म के लिए तुरंत राजी हो गई। ऐसा नहीं है कि आपको किसी फिल्म के साथ कनेक्ट कर पाने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ में कोई ट्रेजेडी झेलनी पड़े। कभी-कभी ऐसा होता है कि आपको कोई ऐसी फिल्म मिल जाती है, जिसको समझना आपके लिए काफी आसान होता है, क्योंकि आप रियल लाइफ में उससे गुजर चुके हो। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि नॉर्वे जैसे देश में एक भारतीय परिवार को इससे गुजरना पड़ेगा। रानी और यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने कुछ सालों तक डेटिंग के बाद 2014 में शादी कर ली। उनकी बेटी आदिरा का जन्म 2015 में हुआ था।

## मानसून लव ट्रैक 'बारिश है जानम' रिलीज

सिंगर-कंपोजर पायल देव, जो 'तुम ही आना' और 'गेंदा फूल' जैसे गानों के लिए जानी जाती हैं, ने स्टेबिन बेन के साथ मिलकर नया सॉन्ग 'बारिश है जानम' रिलीज किया। यह एक मानसून लव ट्रैक है, जिसमें स्टेबिन के साथ 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस हर्षिता गोर नजर आ रही हैं। इस गाने को पायल देव ने स्टेबिन बेन के साथ मिलकर गाया है, जिसका म्यूजिक भी उन्होंने ही तैयार किया है। ट्रेक के बोल राज शेखर द्वारा लिखे गए हैं, और वीडियो सिद्धार्थ-गरिमा द्वारा निर्देशित किया गया है। गाने के बारे में बात करते हुए हर्षिता ने कहा कि जब यह गाना उनके पास आया तो उन्होंने बिना सोचे खुशी से 'हां' कह दिया। उन्होंने कहा, मैं बेहद रोमांटिक हूं और मुझे बारिश भी बहुत पसंद है, इसलिए ऐसा लगा कि यह गाना मेरे लिए ही बनाया गया है। मुझ पर भरोसा रखने के लिए मैं भूषण सर और टी-सीरीज की बहुत आभारी हूं।



## 'जेलर' में रजनीकांत के एंट्री पर फैंस हुए बेकाबू

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' में उनकी धमाकेदार एंट्री पर उनके प्रशंसक खुशी के मारे बे काबू हो गए। इसके बाद मुंबई के एक थिएटर में फिल म का प्रदर्शन रोकना पड़ा।

थिएटर में मौजूद एक प्रशंसक ने वीडियो बनाया, जिसे उसने एक स (ट्विटर) पर पोस् ट किया। इसमें दिखाया गया कि स्क्रीन पर 72 वर्षीय स्टाइलिश सुपरस् टार की एंट्री से लोग अचानक खड़े हो गए और जोर-जोर से तालियां बजाना शुरू कर दिया, जिसके बाद फिल्म अचानक रोक दी गई।

दक्षिण भारतीय सिनेमा ने हाल के वर्षों में हिंदी बेल्ट में काफी लोकप्रियता हासिल की है, हालांकि मुंबई के एक थिएटर में उनके लिए ऐसा प् यार देखने लायक था। फिल्म में जेकी श्रॉफ, मोहनलाल, राम्या कृष्णन और तमन्ना भाटिया जैसे अन्य बड़े सितारे भी होने के कारण 'जेलर' ने खूब सराहना बटोरी।



## मुरैना के युवा ने एजुकेशन सेक्टर में किया नया प्रयास,12 राज्यों में बढ़ रही शिक्षा की नई उम्मीद




**ग्वालियर।** विवेक टुण्डेले ने शिक्षा सेक्टर में एक अनोखा प्रयास किया है, जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने बड़ा स्कूल नाम कस्टार्ट अपकी शुरुआतकी। यह स्टार्ट अपभारत के 12 राज्यों में ग्रामीण और छोटे-छोटे शहरों के बच्चों को उच्च-स्तरीय शिक्षा प्रदान कर रहा है। 22 साल के युवा ने बताया कि उन्होंने एक बेटे के पढ़ाई के लिए कर्ज लेने वाले पिता की कठिनाइयों को देखकर इस सोच का संकल्प लिया कि हर बच्चे के लिए शिक्षा सुल भबनाई जाए। इस प्रयास में उनके साथ 350 से अधिक युवा भी जुड़ चुके हैं और उन्होंने अब तक 12 राज्यों में 1500 सेअधिक मॉडल स्कूल बनाये है। विवेक ने बताया कि उनका मिशन देश के हर क्षेत्र में शिक्षा को उन्नत बनाना है और उन्होंन शिक्षा केक्षेत्र में नये सोच और प्रयास की दिशा में एक नया मोड़ लिया है। बड़ा स्कूल के इस प्रयास से न के व ल शिक्षा क्षेत्र में सुधा रहोगा, बल्कि देश के अनगिनत बच्चों को उच्च शिक्षा का संचार मिलेगा। यह पहल नई दिशा का संकेत है।

### भाजपा ने दिया संत रविदास को मान गांव-गांव निकली यात्रा, हो रहा मंदिर निर्माण:मदन कुशवाह

# सुशासन का मंत्र देने वाले संत रविदास जी की स्मृति के लिए कृत संकल्पित सरकार18 दिवसीय समरसता यात्रा का कल सागर में होगा समापन

**ग्वालियर ।** सुशासन का मूलमंत्र देश को देने वाले संत रविदास जी के मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश में 25 जुलाई से 18 दिवसीय समरसता यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा का समापन कल 12 अगस्त को सागर में होगा, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी संत रविदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित मंदिर और संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे। उक्त बात बाद गुरुवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री श्री मदन कुशवाह ने जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनीष राजोरिया एवं भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति उपस्थित थे।श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश की जनहितैषी भाजपा सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 8 फरवरी 2023 को इस देवतुल्य कार्य के विषय में घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि संकल्प सिद्ध करने के लिए नीमच, मांडव जिला धार, श्योपुर, बालाघाट एवं सिंगरौली से एक साथ यात्रा 25 जुलाई को प्रारम्भ हुई। उन्होंने कहा कि संत श्री रविदास समरसता रथयात्राएं 12 अगस्त तक प्रदेश के हर गांव से मिट्टी एवं सभी विकासखण्डों की 313 नदियों से जल का सांकेतिक संग्रहण एवं जनजागरण करते हुये आज सागर पहुँच जाएंगी।उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृतिक, धार्मिक एवं अध्यात्मिक एकता में संत शिरोमणि श्री रविदास जी के योगदान एवं उनके दर्शन, संदेशों, के जन जागरण करने के लिए इस यात्रा का भव्य आयोजन भाजपा सरकार द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के संदेश को फैलाने वाली इस यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली जिले के बै?न से किया था। यह 18 दिवसीय यात्रा लोगों को समाज में सामाजिक समरसता लाने के लक्ष्य को सिद्ध करती दिखी। प्रदेश में अनसूचित जाति वर्ग के लिए भाजपा का यह दूसरा सामूहिक आयोजन है

***अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए कटिबद्ध मध्य प्रदेश सरकार**-उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चला रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में 19,800 से अधिक अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु 85 करोड़ रुपए से अधिक की फीस प्रतिपूर्ति की गई है।भाजपा प्रदेश मंत्री मदन कुशवाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जहां संत रविदास और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अंबेडकर जी से जुड़े स्थल पंच तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। संत रविदास समरसता रथयात्रा में ग्वालियर चंबल संभाग की संत शिरोमणी रविदास महाराज मंदिर निर्माण यात्रा में केन्द्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक, केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री अरविन्द भदौरिया, मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर मंत्री भारत सिंह कुशवाह, डॉ ओ पी एस भदौरिया ,सुरेश राठखेडा,राव ब्रिजेन्द्र सिंह यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य,सांसद श्रीमती संध्या राय के अलावा विभिन्न आश्रमों के संत और महामंडलेश्वर यात्रा में सम्मिलित हुए।

## आखिरी छोर तक पहुँच रही हैं बुनियादी सुविधाएँ व लोक कल्याणकारी योजनायें : कुशवाह



**ग्वालियर ।** प्रदेश सरकार सुनियोजित ढंग से बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आखिरी छोर पर खड़ व्यक्ति तक लोक कल्याणकारी योजनायें पहुँचा रही है। ग्वालियर ग्रामीण अंचल में भी गुणवत्तायुक्त स?कों के निर्माण के साथ-साथ पानी, बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। इस आशय के विचार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने व्यक्त किए। कुशवाह बीते रोज विकास पर्व के तहत ग्राम जिगसौली व जिनावली में विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करने पहुँचे थे। राज्य मंत्री कुशवाह ने इस अवसर पर ग्राम जिगसौली में एक करो? से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इसी तरह ग्राम जिगसौली में एक करो? 37 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगातें उन्होंने दीं। लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने दो सीएम राईज स्कूलों की सौगातें दी हैं। कुलैथ में 37 करोड़ रूपए की लागत से सीएम राईज स्कूल का निर्माण होगा। सरकार ने हर घर में नल के जरिए पेयजल पहुँचाने का काम किया है। गाँव-गाँव में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजनाओं का निर्माण सरकार ने कराया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं जिगसौली व जिनावली सहित अन्य समीपवर्ती ग्रामों के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## बच्चों की झिझक दूर करने हाई स्कूल बजाड़ी में संकुल स्तरीय बोलेगा बचपन का शुभारंभ किया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड शासकीय हाई स्कूल बजाड़ी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में मंच से बोलने की हिचकिचाहट को दूर करने व उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने लिए जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा बोलेगा बचपन नाम का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूल जाने वाले विद्यार्थी में से प्रतिदिन दो विद्यार्थी प्रातः प्रार्थना सभा के समय अपना परिचय देंगे।आज का सुविचार बताएंगे एवं उस दिवस की पांच सबसे बड़ी खबर सब को अखबार से पढ़कर सुनाएंगे। इससे बच्चों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी व स्कूल के अन्य विद्यार्थियों यों को देश दुनिया की महत्पूवर्ण खबरों के बारे में पता चल पाएगा। बोलेगा बचपन मौखिक अभिव्यक्ति अभियान 12/8/23 को शासकीय हाई सेकेंडरी शाला बजाड़ी में संकुल स्तरीय शुरू हुआ। प्रारंभ में यह अभियान जिले के विभिन्न विद्यालयों में शुरू किया जा रहा है। भविष्य में प्रत्येक विद्यालय कक्षा, प्रत्येक बच्चे की मौखिक अभिव्यक्ति कौशल विकास गतिविधि समय-समय पर एक अभियान के रूप में चलाई जाएगी। स्कूलों और शिक्षकों के रूप में यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि कक्षा में शामिल



कोई भी बच्चा शिक्षक के ध्यान से वंचित न रहे और हर गतिविधि में हो। अन्तर्गत बजाड़ी में 12/08/2023 दिन शनिवार को बोलेगा बचपन कार्यक्रम के संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल के प्रतिभागी भाग लिए, विजेता प्रतिभागी को कापी व पेन दिया गया, विजेता प्रतिभागी में कु तेजस्विनी यादव, देवी यादव, डिकनेश्वरी यादव, पद्मलता प्रधान, भुमिका नागेश, गुंजन चक्रधारी, बबिता प्रधान, बेदिका यादव, संजय मांझी, गौरखनाथ नेताम, इस मौके पर संकुल प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान, संकुल समन्वयक पदुसिंह नायक, प्रधान पाठक नंदकिशोर साहू, धनजीत नेताम,चंद्रशेखर बघेल, नारायण यदु, नरसिंह नागेश, गजमन साहू, शिक्षक विक्की लाल कन्नौजे, बनसिंह नागेश, गगनेश्वर साहू , उपस्थित रहे।

## एसडीएम ऑफिस में युवक ने खाया जहर नशे की हालत में पहुंचा था पेशी के लिए, इलाज के लिए जिला अस्पताल में कराया गया

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद।** जिले के एसडीएमऑफिस में एक युवक ने पेशी के दौरान जहर खा लिया। जैसे ही जिला प्रशासन को इसकी खबर लगी, वहां हड़कंप मच गया। युवक को तुरंत तलाश किया गया, तो वो तिरंगा चौक के पास मिला। यहां से पुलिस तुरंत युवक को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां उसका इलाज जारी है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।जानकारी के मुताबिक, युवक मंगतू टंडन पांडुका थाना क्षेत्र के पंडरीतराई का रहने वाला है। वो 24 जुलाई को कोर्ट में पेशी के दौरान हुड़दंग कर रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर जज ने उसके ऊपर धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद में उसे कोर्ट में 24 जुलाई को पेश किया गया था। यहीं उसने नशे की हालत में हंगामा किया



था।गरियाबंद जिले के स्छरू ऑफिस में एक युवक ने पेशी के दौरान जहर खा लिया, उसका इलाज जारी है।इसी मामले में पेशी के लिए युवक शुक्रवार को स्छरू कार्यालय आया था। जिस वक्त युवक यहां पहुंचा, वो नशे की हालत में था। यहां आकर उसने जहर खा लिया। इसके बाद वो वहां से निकल गया। इसके बाद पुलिस ने उसे तिरंगा चौक के पास से पकड़ा और तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आई।युवक को तिरंगा चौक से पकड़ा गया। फिलहाल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।डॉक्टर ने बताया कि युवक ने जहर खाया है। उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम भूपेंद्र साहू, थाना प्रभारी राकेश मिश्रा और दूसरे अधिकारीगण भी जिला अस्पताल पहुंचे। एसडीएम भूपेंद्र साहू ने कहा कि अभी घटना के बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया जा सकता, जब तक युवक का बयान नहीं ले लिया जाता है।

### सतना पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरित होकर आए निरीक्षकों को सौंपी थानों की कमान

## निरीक्षक शंखधर द्विवेदी को कोतवाली तो संतोष तिवारी को यातायात राबेंद्र द्विवेदी को सभापुर की कमान

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

जिला पुलिस अधीक्षक








आशुतोष गुप्ता ने स्थानांतरित होकर सतना आए निरीक्षकों को जिले के थानों की जिम्मेवारी सौंपी शुक्रवार को एसपी कार्यालय से जारी सूची से सिंगरौली से स्थानांतरित होकर सतना आए निरीक्षक शंखधर द्विवेदी को सिटी कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है यहां बता दें कि श्री द्विवेदी पूर्व में भी जिले के विभिन्न थानों की जिम्मेवारी संभाल चुके हैं जिस वजह से वह जिले से पूर्व परिचित हैं इनकी गिनती ईमानदार व तेजतर्रार पुलिस अफसर के रूप में होती है वही बदेरा थाना प्रभारी संतोष तिवारी को यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि पन्ना से सतना आए निरीक्षक अरुण सोनी को बदेरा थाना प्रभारी बनाया गया है इसी प्रकार निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से रामपुर बघेलान थाने की कमान सौंपी है जबकि रामपुर थाना प्रभारी रहे उप निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी को यातायात थाने भेजा है वही निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी को सभा पुर तो निरीक्षक योगेंद्र सिंह परिहार को सिविल लाइन का थाना प्रभारी बनाया है जबकि सिविल लाइन थाना प्रभारी रहे उपनिरीक्षक रूपेंद्र राजपूत को साइबर सेल में पदस्थ किया है निरीक्षक टीकाराम कुर्मी को अमदरा तो संजय दुबे को नादन देहात थाने का प्रभारी बनाया है वही इस्पेक्टर प्रीति वर्मा को महिला थाने की कमान सौंपी है

## लुटेरे माल लेकर फ़रार



हैदराबाद के कुकरपाल्ली से शुक्रवार रात को लुटेरे पेमाराम जी चौधरी को फोन कर ओटो से एस एस सींग लेकर सुराराम में बुलाया फिर एक ओटो दूसरे ओटो में ख़ाली कराया दूसरा ओटो रूम ख़ाली कराया फिर रुपये के लिये बोला तो देता हू बोला दो घंटे बोल चाल बाद बोला नहीं देता हू क्या कर लेगा तेरे सेट को बुला ले फिर पेमाराम जी गये तो देखा कि वहा एक ओटो फरार था फिर पुलिस को बुलाया गया तो एक को पकड़ लिया गया उनका नाम भीयाराम बताया गाय है वो अभी सुराराम पुलिस स्टेशन में हैं माल की क़ीमत 300000/- बतायी गयी

## सीरवी समाज विलिवाक्म आईमाता वडेर में श्री आईजी नामक राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन

**पुष्पाजंली टुडे**



**चेन्नई-** सीरवी समाज ट्रस्ट विलिवाक्म में आईमाता वडेर प्रांगण में शाम को श्री आई माताजी की जीवन पर आधारित श्री आईजी नामक फिल्म का प्रदर्शन किया गया । जिसमें समाज से बड़ी संख्या में नन्हे मुन्ने बच्चे महिलाएं एवं पुरुष सहित सभी सदस्यों ने बड़े ही आदर सत्कार से फिल्म का प्रदर्शन देखा। वडेर के अध्यक्ष मोतीलाल राठौड़ ने फिल्म प्रदर्शन देखने आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया । सर्वप्रथम पधारे हुए श्री आईजी फिल्म की टीम के सदस्य एंव फिल्म निर्माता भंवरलाल चोयल,डायरेक्टर हेमंत चोयल, गीतकार लखन चौधरी का समाज की ओर से माला साफा द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष मोतीलाल राठौड़, सचिव नेनाराम हाम्बड, उपाध्यक्ष धर्माराम सातपुरा , कोषाध्यक्ष वींजाराम राठौड़, सह-सचिव धर्माराम सोयल,सह-कोषाध्यक्ष जयपाल राठौड़ सहित एंव समस्त कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे । इस कार्यक्रम में सचिव नेनाराम हाम्बड ने फिल्म का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हर माता पिता अपने बच्चों के लिए शिक्षा दिलाए साथ ही उनके उपर ध्यान रखना चाहिए। अपने व्यवसाय के साथ -साथ बच्चो के लिए समय देना चाहिए। बच्चो के माता पिता से आह्वान किया कि इस फिल्म को देखकर इससे कुछ सीख लेनी चाहिए।

# मेरी माटी मेरा देश

**अंबेडकर नगर से ब्यूरो चीफ**
**रामदयाल गौतम की रिपोर्ट**

अंबेडकर नगर के श्यामलाल वर्मा इंटर कॉलेज ताहापुर मालीपुर के प्रांगण मेंआजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया आज 12, 8 ,2023 को विद्यालय प्रांगण में तमाम अतिथियों के आगमन से इस कार्यक्रम को पूर्णतया सफल बनाया गया जिस में मौजूद रहे अंबेडकर नगर जलालपुर ब्लॉक के आदरणीय एसडीएम महोदय श्री सुनील कुमार जी, नायब तहसीलदार महोदय श्री हुबलाल जी, क्षेत्राधिकार महोदय जी (ष्ट.ह्) देवेंद्र




मौर्या जी जलालपुर, थाना अध्यक्ष महोदय मालीपुर श्री प्रेमचंद जी, नेल्सन और मंडेला स्मृति सोसाइटी अंबेडकर



नगर के अध्यक्ष श्री धीरेंद्र कुमार यादव जी, श्याम लाल वर्मा इंटर कॉलेज प्रबंधक केदारनाथ वर्मा जी, प्रिंसिपल आर डी यादव जी, प्रवीण मिश्रा जी आदरणीय अध्यापक महोदय जी कैलाश प्रसाद ,केपी सिंह, घनश्याम यादव, अनिल यादव, बृजेश पांडे, तारा कांत ,पूजा, अल्पना, मनीषा चंद्रदेव ,विकास आदि अध्यापक में मौजूद रहे पुलिस प्रशासन के भी

दीवान-उमाशंकर मौर्य ,विनोद प्रचेता, राज बहादुर यादव

**आरक्षी- सतीश यादव ,अंकित यादव, बृजेश यादव, हिमांशु चौधरी ,मनी कुमार, धनंजय यादव आज तमाम अतिथि गण अमृत महोत्सव सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग एवं योगदान दिया गर्व है हमें**

**मेरी माटी मेरा देश**

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478